उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-1)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 05 फरवरी, 2024



लालकृष्ण अडवाणी को भारत रत्न से नवाजा गया 6

पत्रकारों के लिए इलाज का विशेष इंतज़ामः बृजेश पाठक 8

श्रीराम के जीवन की साक्षी रही सरयू नदी

## पीएम मोदी ने असम में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की



गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को असम में लगभग 11,600 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी ने यहां खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय के मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य और केंद्र द्वारा वित्तपोषित इन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत की। परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पहलों से न केवल पूर्वोत्तर, बल्कि शेष दक्षिण एशिया में भी संपर्क सुविधाएं मजबूत होंगी। जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई उनमें कामाख्या मंदिर गलियारा (498 करोड़ रुपये), गुवाहाटी में नए हवाई अड्डे के टर्मिनल से छह लेन की सड़क (358 करोड़ रुपये), नेहरू स्टेडियम का फीफा मानकों के अनुरूप उन्नयन (831 करोड़ रुपये) और चंद्रपुर में एक नया खेल परिसर (300 करोड़ रुपये) शामिल है। प्रधानमंत्री ने 'असोम माला' सड़कों के दूसरे संस्करण की भी शुरुआत की। इस चरण में 43 नयी सड़कों और कंक्रीट के 38 पुलों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा जिसमें कुल 3,444 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

इसके अलावा मोदी ने 3,250 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गुवाहाटी चिकित्सकीय महाविद्यालय और अस्पताल की एकीकृत नयी इमारत की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने 578 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले प्रस्तावित करीमगंज चिकित्सकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल तथा गुवाहाटी में 297 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले यूनिटी मॉल की भी आधारशिला रखी। उन्होंने 1,451 करोड़ रुपये की लागत से विकसित बिश्वनाथ चारियाली से गोहपुर तक नवनिर्मित चार-लेन सड़क और 592 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित डोलाबारी से जमुगुरी तक एक और चार-लेन की सड़क का उद्घाटन किया।

मोदी शनिवार शाम को यहां पहुंचे थे और वह रात को शहर के कोइनाधारा राज्य अतिथि गृह में रुके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मोदी ने रात में भाजपा की राज्य कोर कमेटी के पदाधिकारियों से मुलाकात की और पार्टी मामलों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ''बैठक में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, राज्य मंत्री रंजीत कुमार दास, भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष भाबेश कलिता और पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे।

## राम मंदिर के पहली मंजिल पर सजेगा राम दरबार



अयोध्या। श्री राममंदिर के ट्रस्टी डा. अनिल मिश्र ने इंजीनियरों, अधिकारियों, और अन्य स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने कहा कि परिसर की सभी सड़कों का निर्माण प्रकाश व्यवस्था सुरक्षा उपकरण लगाने के काम तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का शेष काम रामनवमी से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।अयोध्या में राम मंदिर को लेकर बड़ी खबर आई है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर की पहली और दूसरी मंजिर पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। भगवान राम का दरबार पहली मंजिल पर सजेगा। इस साल के अंत तक राम मंदिर का निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। रामनवमी तक यात्री सुविधाएं विकसित करने के जो भी काम बचे हैं, उन्हें पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। रामनवमी तक यात्री सुविधाएं विकसित करने के जो भी काम बचे हैं, उन्हें पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। मंदिर का पूरा का लक्ष्य 31 दिसंबर तक रखा गया है।मिश्रा ने इंजीनियरों, अधिकारियों, और अन्य स्थानीय निवासियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि दिसंबर तक मंदिर के परिसर, पहली और दूसरी मंजिल का काम पूरा होना चाहिए। बैठक में कंपनी के अधिकारी, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी शामिल थे।मिश्रा ने कहा कि मंदिर के चारों ओर 795 मीटर की परिक्रमा दीवार का भी काम पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर के निचले हिस्से में मूर्तिकारी का काम भी शीघ्र शुरू होगा।

## 'शरद पवार की मौत की प्रार्थना कर रहे हैं अजित पवार', एनसीपी नेता का सनसनीखेज आरोप



मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बयान से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। उन्होंने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार की उम्र का हवाला देते हुए उन पर कटाक्ष किया। अजित दादा ने 83 साल के वरिष्ठ पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके चाचा आगामी चुनावों को आखिरी चुनाव बताकर भावनात्मक अपील कर सकते है। शरद पवार गुट ने उनकी इस टिप्पणी को अमानवीय बताते हुए पलटवार किया है।ट्रेंडिंग वीडियोआव्हाड ने कहा, अजित पवार को अपनी अमानवीय टिप्पणियों के बारे में अवश्य सोचना चाहिए... उन्होंने कथित तौर पर शरद पवार की मौत के लिए प्रार्थना की। महाराष्ट्र अब जान गया है कि अजित पवार किस तरह के आदमी है... महाराष्ट्र के लिए शरद पवार के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

पुणे जिले के बारामती में एक जनसभा को संबोधित करते हुए में एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने कहा, ''आपने इतने सालों तक एक वरिष्ठ की बात सुनी। अब मेरी बात सुनें और जिस लोकसभा उम्मीदवार को मैं खड़ा करने जा रहा हूं उसे वोट दें। मैं फिर पीएम मोदी को बता सकता हूं कि लोगों ने मेरे उम्मीदवार को वोट दिया है। यह मत भूलिये कि जब आप मुसीबत में थे तो मदद के लिए कौन आया था।''बारामती से विधायक अजित दादा ने यह भी कहा कि यदि आप अच्छा काम करना चाहते हैं, तो आपको इसके लिए कुछ आलोचना स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए।'' उन्होंने नाम लिये बिना शरद पवार पर हमला बोला और कहा, ''पता नहीं कुछ लोग कब रुकेंगे। हो सकता है कोई भावुक अपील हो कि ये आखिरी चुनाव होगा। पता नहीं कौन सा आखिरी चुनाव होगा।''मालूम हो कि डिप्टी सीएम अजित पवार ने पिछले साल जुलाई में बगावत का बिगुल फूंका और एनसीपी दो धड़ों में विभाजित हो गई। तब पवार पार्टी के आठ विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार ने तब से अपने विद्रोह को लगातार यह कहते हुए सही ठहराया है कि वरिष्ठों को अगली पीढ़ी को बढ़ने के लिए रास्ता देना चाहिए था। बारामती शरद पवार का गढ़ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार 1960 के दशक के बाद से विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कभी हारे नहीं है और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं।

## लालकृष्ण आडवाणी में प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी, संजय राउत ने बीजेपी पर उन्हें दरकिनार करने का लगाया आरोप




मुंबई। पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा किए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता में प्रधानमंत्री बनने की काबिलियत थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की थी कि आडवाणी को 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए ''एक अत्यंत भावुक क्षण'' बताया था। आडवाणी (96) यह सम्मान पाने वाले 50वें व्यक्ति हैं। राउत ने कहा कि भाजपा आज जो कुछ भी है, वह आडवाणी की 'रथ यात्रा' की वजह से है। उन्होंने कहा, ''उन्हें (आडवाणी को) देश का राष्ट्रपति नियुक्त किया जा सकता था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया। उनमें प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया।''आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा भाजपा के लिए एक अत्यंत भावनात्मक मुद्दे के ''विजयी समापन'' का प्रतीक है, जिसे 1990 में आडवाणी की 'राम रथ यात्रा' के माध्यम से जनता में लोकप्रियता मिली और हिंदुत्वादी पार्टी भाजपा के लगातार आगे बढ़ने का रास्ता खुला।






## एडीजी आलोक सिंह ने की सीएम योगी आदित्यनाथ की अगवानी



कन्नौज। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद पहुंचने पर कानपुर ज़ोन के बहुचर्चित एडीजी आलोक सिंह ने उनका अभिवादन करते हुए अगवानी की। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एडीजी आलोक सिंह से गुफ्तगु करते हुए कुछ महत्वपूर्ण चर्चा की। इस मौके पर रेंज के डीआईजी जोगेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे.बता दें कि एडीजी आलोक सिंह द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह कमर कस लिया था और उसी के चलते कार्यक्रम स्थल से लेकर हेलीपैड तक प्रशासन एक पैर पर खड़ा नजर आया.एडीजी आलोक सिंह ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया था।







## संपादकीय

### बोतल में पानी

अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बेहद परिष्कृत तकनीक से बोतलबंद पानी में इन सूक्ष्म कणों की गणना की है। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हमारे स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं। अध्ययन बताता है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक कण पहले के अनुमान से बढ़कर सौ गुना अधिक संज़्या में हो सकते हैं। दरअसल, ये नैनोप्लास्टिज़्स आकार में इतने सूक्ष्म होते हैं कि आंतों व फेफड़ों से सीधे खून में प्रवेश कर सकते हैं। जो कालांतर हमारे दिल व दिमाग को भी प्रभावित कर सकते हैं। इनकी घातकता का खतरा इसलिए भी है कि ये माइक्रोप्लास्टिज़्स की तुलना में जल्दी हमारी कोशिकाओं व रक्त में प्रवेश करके शरीर के अवयवों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने चिंता जतायी है कि प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण नाल के जरिये अजन्मे बच्चे की देह तक भी पहुंच सकते हैं। यहां तक चिंता जतायी जा रही है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले कणों से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की आशंका पैदा हो सकती है। दरअसल, सूर्य की किरणों के संपर्क में आने पर प्लास्टिक घातक टॉज़्सिन उत्पन्न कर सकता है। इतना ही नहीं, शोधकर्ता सूक्ष्म कणों वाले पानी के सेवन से मधुमेह के उत्पन्न होने की संभावनाओं की ओर इशारा कर रहे हैं। एक रसायन के चलते मोटापा, मधुमेह, प्रजनन से जुड़े विकार तथा किशोरियों के शारीरिक परिवर्तनों में तेजी ला सकते हैं। इसके अलावा थैलेट्स नामक रसायन से लीवर से जुड़ा कैंसर पैदा होने तथा पुरुषों में शुक्राणुओं की संज़्या कम होने की आशंका बढ़ जाती है। कहीं न कहीं प्लास्टिक की बोतलों में पाये जाने वाले रसायन लोगों के प्रतिरक्षातंत्र को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि लोग पीने के पानी के लिए परंपरागत विकल्पों को गंभीरता से लें। सुरक्षित होगा कि हम दैनिक व्यवहार में प्लास्टिक की बोतल के स्थान पर स्टील, कांच या तांबे की बोतल को प्राथमिकता दें।तमाम चिकित्सा अनुसंधानों व दवाओं की खोज के बाद भी देश-दुनिया में यदि रोगियों की संज्या लगातार बढ़ रही है तो उसकी वजह हमारी जीवनशैली में शामिल वे कारक हैं, जिनकी घातकता का हमें बोध ही नहीं है। हमारी हवा, पानी व मिट्टी तो प्रदूषित हैं ही, लेकिन आधुनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिये बाजार ने जो विकल्प हमें दिये हैं, वे भी हमारे जीवन में ज़हर घोल रहे हैं। बाजार ने मुनाफे के लिये सस्ते विकल्प तो दिये लेकिन साथ ही बीमारियों के लिये भी उर्वरा जमीन तैयार कर दी है।

# पूर्ण बजट में उभरेगी आर्थिकी की असली तस्वीर

एक तरह से कांग्रेस के अधिकांश नेता भी यह मानते थे कि बाबरी मस्जिद मूल रूप से राम जन्म स्थान ही है।सबसे दिलचस्प प्रकरण अब शुरू हुआ है। वे राजनेता और बुद्धिजीवी तथा फ़िल्म व खेल सम्राट जो कल तक इसे भाजपा की हिंदू तुष्टीकरण नीति मान रहे थे और येन-केन-प्रकारेण विरोध कर रहे थे, भी अब प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को राष्ट्रीय उत्सव बता रहे हैं। यहां तक कि वे राजनीतिक दल भी जो राम को एक काल्पनिक पात्र मानते हैं और सनातन हिंदू समाज को नष्ट करने की बातें करते रहे हैं। वे समझ रहे हैं कि इस समय देश का लोक मानस राम मंदिर के साथ है। ऐसे में राममूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में न जाने से सारा क्रेडिट भाजपा को मिलेगा। फ़िल्म गीतकार ज़ावेद अख़्तर ने भी कहा है, कि हिंदू समाज बहुत उदार है और राम तो पूरे भारतीय समाज में मान्य हैं।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के पहले अपना छठा बजट पेश किया जो सही मायनों में वोट ऑन अकाउंट था। दरअसल चुनाव के कारण परंपरागत रूप से कोई भी वित्त मंत्री पूर्ण बजट पेश नहीं करता और वोटरों को ललचाने वाले कदम नहीं उठाता। श्रीमती सीतारमण ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने भी इस परंपरा का पालन किया और रेवड़ियां बांटने की कोई कोशिश नहीं की। इसमें उन्होंने अच्छी तरह से अर्थव्यवस्था की स्थिति की व्याख्या की।

उन्होंने यह भी बताया किस तरह से सरकार ने राजकोषीय घाटे को मैनेज किया और उसे लक्ष्य से भी नीचे ही रखा। पहले लक्ष्य था कि राजकोषीय घाटा कुल जीडीपी का 5.9 फीसदी हो लेकिन सरकार के प्रयासों और टैक्स देने वालों की उदारता से राजकोषीय घाटा 5.8 फीसदी पर ही रहा। यहां पर उन करोड़ों टैक्स देने वालों का भी योगदान रहा जिनके टैक्स देने से प्रत्यक्ष कर वसूली लक्ष्य से कहीं ज्यादा रही और सरकार को अपना लक्ष्य पाने में मदद मिली।वित्त मंत्री के भाषण को सुनने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि सरकार इस समय आत्मविश्वास से भरी हुई है और उसे अगली लोकसभा भी दिख रही है। यहां पर यह कहना अनुचित नहीं होगा कि एनडीए सरकार वापसी की ओर देख रही है। अगर ऐसा नहीं होता तो वह इसी बजट में किसी न किसी तरह रेवड़ियां बांटती, टैक्स में छूट देती और कुछ अन्य सुविधाएं देती। लेकिन यहां पर हमने देखा कि वित्त मंत्री ने इन सभी से दूरी बनाए रखी और इस बात का पूरा ख्याल रखा कि वोट ऑन अकाउंट की परंपरा का पालन हो। यह इस बात को इंगित करता है कि वित्त मंत्री ने अपनी पार्टी के बारे में न सोचकर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में सोचा। इस समय जबकि सभी अन्य पार्टियां राज्यों में चुनावों में किस तरह से रेवड़ियां बांट रही थीं और सरकारी खजाने को अपने निजी स्वार्थ के लिए निर्ममता के साथ लुटा रही थीं, श्रीमती निर्मला सीतारमण का यह व्यवहार प्रशंसनीय है। सभी पार्टियों को इसका अनुकरण करना चाहिए, चुनाव जीतने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई से दिये गये टैक्स के पैसों को उड़ाना कहां तक उचित है? बहरहाल वित्त मंत्री ने एक बढ़िया परंपरा रखी है जिसका आगे भी पालन होना चाहिए।

अब इस बजट पर चर्चा करने के लिए कुछ खास नहीं है। वित्त मंत्री ने टैक्स संबंधी पुराने अदालती मामलों को खत्म करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। देश में लाखों ऐसे टैक्स देने वाले हैं जो पुराने विवादों में फंसे हुए हैं यानी उनकी टैक्स देनदारी पर विवाद है। ऐसे मामलों को सदा के लिए खत्म करने के लिए वित्त मंत्री ने सरकारी लेनदारी को एक सीमा तक खत्म कर दिया है जिससे वे लोग आगे टैक्स दे सकेंगे। वर्षों से चल रहे ऐसे मामलों से छुटकारा पाकर सरकार ने टैक्स देने वालों को राहत दी है। एक छोटा सा कदम सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करके उठाया है। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताएं ग्रामीण तथा आदिवासी भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहली सीढ़ी हैं।

दूर-दराज के इलाकों तथा वन क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति तथा काम के प्रति निष्ठा से ही स्वास्थ्य सेवाएं देना संभव हुआ है। कोविड काल में इन्होंने अपनी जान पर खेलकर टीकाकरण के काम में जो कुछ किया उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उनके लिए सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया है। इससे उन्हें इसी तरह काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी।अब लोकसभा चुनाव की ओर सभी का ध्यान है। बस कुछ ही दिनों में निर्वाचन आयोग इसकी घोषणा करेगा और फिर राजनीतिक हलचल अपने चरम पर होगी। लेकिन यह सरकार कुछ ऐसा जता रही है मानो वह भविष्य के प्रति निश्चिंत है। यही कारण था कि वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स के यथावत रहने का भी संकेत दे दिया। उन्होंने टैक्स देने वालों को ललचाने की कोई कोशिश भी नहीं की। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स की दरें पहले की ही तरह होंगी और उनमें बदलाव या छूट की कोई गुंजाइश नहीं है।

लोकसभा चुनाव के सिर पर रहने के बावजूद इतना बड़ा कदम उठाना वाकई प्रशंसा का विषय है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में नई व्यवस्था के तहत सात लाख रुपये तक कमाने वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। यह व्यवस्था पिछले साल भी थी। इसका मतलब हुआ कि अगला बजट पेश करने में अगर वह वित्त मंत्री रहीं तो इनकम टैक्स की दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यहां पर एक बात उल्लेखनीय है कि भारत की अर्थव्यवस्था भले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, उसके पास अन्य पैसे वाले देशों की तुलना में टैक्स देने वाले बहुत ही कम हैं। यहां की कुल आबादी का दो प्रतिशत ही टैक्स देती है जिसमें बहुत बड़ी तादाद वेतनभोगियों की है जो इनकम टैक्स के जाल से बच नहीं पाते हैं। अच्छा होगा कि वित्त मंत्री अगले बजट में उन लोगों को टैक्स के जाल में लाने की कोशिश करें जो अच्छा कमा रहे हैं लेकिन टैक्स नहीं दे रहे हैं। यह कठिन कार्य है और इसमें उन कृषि उत्पादकों को भी लाना होगा जो बहुत अच्छी कमाई कर रहे हैं, सरकारी सुविधाओं, सब्सिडी का भी उपभोग करते हैं लेकिन टैक्स देने के नाम पर सरकार को आंख दिखा देते हैं। ऐसे कई और वर्ग हैं जिनकी सरकार को खोज करनी चाहिए और टैक्स का दायरा बढ़ाना चाहिए। इससे टैक्स वसूली बढ़ेगी और सरकार अन्य तरह की कल्याणकारी योजनाएं बना सकेगी तथा उन्हें कार्यान्वित कर सकेगी।

अगला बजट जो जुलाई में आयेगा वह पूर्ण बजट होगा। अभी सरकारी आंकड़े अधूरे हैं और अनुमान से भरे हुए हैं। तब तक तस्वीर साफ हो जायेगी और सरकार के लिए बड़े हैं।

# सुधीर चौधरी ने भ्रष्ट कों भ्रष्ट कह दिया तो भड़क गए भ्रष्टाचारी

कहने कों देश संविधान से चलता है पर ध्यान से देखिये देश क्रूरता वाले आक्रमण और भ्रस्ट लोगो के बोलने से चलता है जो किसी भी व्यक्ति के सच बोलने पर एससी एसटी लगवा कर देश चलवाने का प्रयास कर रहें। आज तक के एक बेहद अच्छे एंकर सुधीर चौधरी हमेशा सच के साथ खड़े रहते है पर भ्र्ष्टाचार वाले और मुफ्त की खाने वालो कों वह फूटी आँख नहीं सुहाते तभी तो आजतक न्यूज़ के एंकर एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अग्रणी नाम सुधीर चौधरी के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है जो बेहद घटिया कृत्य है। यह एफआईआर उनके एक ऐसे टिप्पणी के कारण हुई है जो सत्य प्रतीत होती है ! 29 जनवरी को हेमंत सोरेन ने इस्तीफा दिया और राजभवन से निकल रहे थे। उस समय चित्रा त्रिपाठी राजभवन से रिपोर्टिंग कर रही थी और सुधीर चौधरी न्यूज रूम से सवाल पूछ रहे थे। इसी दौरान सुधीर चौधरी ने कहा कि ङ्क हेमंत सोरेन बड़ी गाड़ियों पर चढ़ते हैं, अपने प्लेन पर उड़ते हैं, ऐय्याशी पूर्ण जीवन जीते हैं, ब्रांडेड कपड़े और जूते पहनते हैं, उनके पास काफी कैस भी है ! लेकिन अब उनकी कुर्सी चली गई तो उन्हें किसी जंगल/ झाड़ में जाकर 30/40 साल पहले के आदिवासी की तरह रहने की आदत डाल लेनी चाहिए ! उनकी इस टिप्पणी को पूरे आदिवासी समाज के अपमान का रूप देकर कुछ घटिया लोगो ने राजनीति शुरू कर दी। हेमंत सोरेन पर आरोप है और वह ईडी के अनुसार प्रथमतया लुटेरा और भ्र्स्ट लग भी रहा तो ऐसे में क्या गलत बोल गए सुधीर जिससे उन्हें टारगेट करके देखा जा रहा है। पूरा आदिवासी समाज एवं देश का प्रगतिशील तबका हमेशा ईमानदारी के तरफ खड़ा रहा है फिर सोरेन जैसे भ्रस्टाचारी के साथ कौन लोग खड़े है ! पूरा पत्रकार समाज सुधीर के साथ खड़ा है और इससे आहत हुआ है।पत्रकार सुधीर चौधरी पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अपमान करने का राजनीतिक आरोप लगा है। उनके खिलाफ रांची एससी-एसटी थाने में मामला दर्ज किया गया है जिसका विरोध किया जा रहा है। मामला ट्राइबल आर्मी की ओर से दायर किया गया था। आपको बता दें कि सुधीर चौधरी फिलहाल टीवी न्यूज चैनल आजतक के प्राइम टाइम शो ब्लैक एंड व्हाइट के होस्ट हैं। उन्होंने कथित तौर पर हेमंत सोरेन के बारे में टिप्पणी की



**आज तक के एक बेहद अच्छे एंकर सुधीर चौधरी हमेशा सच के साथ खड़े रहते है पर भ्र्ष्टाचार वाले और मुफ्त की खाने वालो कों वह फूटी आँख नहीं सुहाते तभी तो आजतक न्यूज़ के एंकर एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अग्रणी नाम सुधीर चौधरी के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है जो बेहद घटिया कृत्य है।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

जिसे जाति आधारित टिप्पणी का रंग दिया जा रहा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी कई बार जाति आधारित टिप्पणी करने का आरोप लगा है तो क्या उन्हें गिरफ्तार किया गया! इस संबंध में दर्ज मामले के मुताबिक, सुधीर चौधरी की टिप्पणी से न सिर्फ हेमंत सोरेन बल्कि पूरे आदिवासी समुदाय का अपमान हुआ है। उधर शिकायतकर्ता का दावा है कि सुधीर चौधरी ने अपने शो में कहा था कि हेमंत सोरेन को 40 साल पीछे चले जाना चाहिए और जंगल में आदिवासी बनकर रहना चाहिए किन्तु बोलने का अधिकार सबको है यही तो अभिव्यक्ति की आजादी है। शिकायतकर्ता ने कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि सुधीर चौधरी जातीय द्वेष से ग्रस्त व्यक्ति हैं। मतलब तुम हिन्दू धर्म, मंदिर, सवर्णो इत्यादि पर गालियां बोलो तो अभिव्यक्ति की आजादी और सुधीर सच बोले तो एससी एसटी पर मुकदमा ! शिकायत के मुताबिक, सुधीर चौधरी नस्लवाद से पीड़ित व्यक्ति हैं जबकि नस्लवाद उदयनिधि और स्वामी प्रसाद जैसे लोग फैला रहें, जिनके लिए जनजाति का मतलब पिछड़ापन और जंगलीपन है। शिकायत में आगे कहा गया है कि आदिवासी समाज जंगली समाज नहीं है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि एससी-एसटी एट्रोसिटी प्रीवेंशन एक्ट-1989 के तहत सुधीर चौधरी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये और उनको गिरफ्तार किया जाए जो गलत और बेहद घटिया मांग है।

## संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, मायके पक्ष ने लगाया ससुरालियों पर हत्या का आरोप

कानपुर नगर, एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी, उसका शव फंदे से लटकता पाया गया। महिला की मौत के बाद उसके मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंच गये और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। इसी बीच सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे मायके पक्ष के लोगों को किसी प्रकार समझा-बुझाकर तथा कार्यवाही करने का आश्वासन देकर शांत कराया, जिसके उपरान्त महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।महिला के आत्महत्या की सूचना मिलते ही महिला के मायके पक्ष के लोग मृतका के घर पहुंच गये और ससुरालियों पर हत्याकरके फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बताया जाता है कि शिवराजपुर कस्बे के रहने वाले कुशवाहा परिवार ने अपनी बेटी की शादी नौबस्ता के इस घर में की थी। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी बेटी को ससुराल में तंग किया जाता था और कई बार बेटी इस बारे में उन्हे बता भी चुकी थी और इसी के चलते ससुरालियों ने शुक्रवार की रात को उनकी पुत्री की हत्या करके शव को फंदे से लटका दिया। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतका के परिजों को जांच का भरोसा तथा कार्यवाई का आश्वासन देकर किसी प्रकार शांत कराने के उपरान्त शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## वेब शो 'सपने वर्सेज एवरीवन' ने मचाया धमाल




लेटेस्ट आईएमडीबी टॉप 250 टीवी शोज की अब तक की लिस्ट ग्लोबल एंटरटेनमेंट जगत पर 'द वायरल फीवर' (टीवीएफ) की मजबूत पकड़ को दर्शाता है। टॉप 250 लिस्ट में सबसे ज्यादा शो 'टीवीएफ' के शोज हैं, जिसमें 'टीवीएफ' का एस्पिरेंट्स 111 पर, टीवीएफ का पिचर्स 54 पर, कोटा फैक्ट्री 80 पर, गुल्लक 86 पर, ये मेरी फैमिली 146 पर, पंचायत 88 पर है। इसमें अब टीवीएफ शो 'सपने वर्सेज एवरीवन' भी शामिल हो गया है। चर्चित वेब शो 'पंचायत', 'गुल्लक', 'कोटा फैक्ट्री' और 'पिचर्स' के प्रदर्शन के बाद अब 'सपने वर्सेज एवरीवन' के साथ 'द वायरल फीवर' (टी वी एफ) बैनर अपने शोज के चलते एक बड़ा नाम बन चुका है। टीवीएफ का 'सपने वर्सेज एवरीवन' ग्लोबल लेवल पर आईएमडीबी के टॉप 250 टीवी शोज की लिस्ट में एंटर करने वाला 7वां 'टीवीएस' शो बन गया है। इस शो ने व्यूअरशिप दर्शकों की एंगेजमेंट, हाईएस्ट रेटिंग, अद्भुत दर्शकों की समीक्षा और तकनीकी पहलुओं से लेकर सभी मेट्रिक्स में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। 'द वायरल फीवर' (टीवीएफ) ने ऐसे कंटेंट देने में अपनी जगह बनाई है जो दर्शकों, मुख्य रूप से हमारे देश के युवाओं के बीच अपनी गहरी छाप छोड़ता है। यह एक भारतीय कंटेंट क्रिएटर के लिए एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। भारतीय कंटेंट को मिलाकर इस प्रोडक्शन हाउस के लिस्ट में लगभग 10 वेब सीरीज हैं।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के लिए हाइवेज पर एक हज़ार मॉडर्न बिल्डिंग योजना का आगाज़



गोंदिया- वैश्विक स्तरपर भारत की प्रतिष्ठा का ऐसा आगाज है हो चुका है कि जब भारत बोलता है तो सारी दुनियां एकटक होकर ध्यान से सुनती है,वही एकजमाना ऐसा भी था जब भारत परअंग्रेजों ने 200 से अधिक वर्षों तक राज किया था, आज वही भारतवंशी वहां पर राज कर रहा है जिसे पछाड़ कर भारत आज विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही तीसरी भी बन जाएगा जिसका अंदेशा दुनिया के सर्वाधिक एजेंसीयों भी लग रही होगा,इसी विकसित भारत बनने की कड़ी में नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 1 से 3 फरवरी 2024 शुरू हो चुका है, जिसमें माननीय पीएम शुक्रवार दिनांक 2 फरवरी 2024 को शामिल हुए जिसमें अन्य कई बातों के साथ ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के लिए एक हज़ार मॉडर्न बिल्डिंग योजना की बात गई जिसमें सभी नेशनल हाईवेज पर ड्राइवरोंके लिए नई सुविधाओं से युक्त आधुनिक भवनों का निर्माण किया जाएगा जो ड्राइवरों के आराम के लिए उपयुक्त होगा जो उनकी सुविधाओ में मील का पत्थर साबित होगा।कुछ जानकारों द्वारा अंदेशा लगाया जा रहा है कि कहीं यह पिछले दिनों जोरदार ढंग से ड्राइवरों द्वारा की गई हड़ताल जो कि नए फौजदारी कानून में दस वर्ष की सजा का प्रावधान और नए नियमों को तैयार किया गया है उस संबंध से कहीं ना कहीं यह तीनों अधिनियम लागू करने की तैयारी सेउन्हें खुश करने की रेवड़ियां तो नहीं बांटी जा रही है, परंतु मेरा मानना है ऐसा नहीं होगा क्योंकि इसकी घोषणा पीएम ने खुद की है और पूरे विश्व ने सुना है। बता दें कि माननीय पीएम शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ट्रक ड्राइवरों के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवरों के लिए नेशनल हाईवे पर नई सुविधा वाले आधुनिक भवन बनेंगे, जहां खाने, पानी, टॉयलेट की व्यवस्था होगी। पहले फेज में ऐसे एक हज़ार भवन बनेंगे। उन्होने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वो ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं। अक्सर ये ड्राइवर्स कई घंटे लगातार ट्रक चलाते हैं, इनके पास आराम का समय नहीं होता। ड्राइवर्स को बीच सफर में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना पर काम शुरू किया है। चूंकि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 1-3 फरवरी 2024 गतिशीलता और आपूर्ति को एक साथ लाया है,जिसमें ड्राइवर यानीपरिचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सभी नेशनल हाईवे पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होना मील का पत्थर साबित होगा।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा ट्रक ड्राइवरों के लिए बड़े ऐलान की करें तो,पीएम ने कहा कि इस योजना के तहत सभी नेशनल हाईवेज पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होगा। शुरू में ऐसे एक हजार भवन बनाए जाएंगे। पीएम ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हो रहा है। हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। हमारी सरकार के प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। आज का भारत भविष्य की नीतियों को ध्यान में रखते हुए नई नीतियां बना रहा है। इसमें निश्चित तौर पर मोबिलिटी सेक्टर के लिए विशेष जगह है।

साथियों बात अगर हम मोबिलिटी सेक्टर पर एक्सपो में खास ध्यान देने की करें तो इसमें दिनांक 2 फरवरी 2024 को पीएम ने सभा को संबोधित करते हुए,भव्य आयोजन के लिए भारत के ऑटोमोटिव उद्योग को बधाई दी औरएक्सपो में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शकों के प्रयासों की सराहना की। देश में इतने भव्य और स?टैंडर्ड के कार्यक्रम का आयोजन उन्हें प्रसन्नता और आत्मविश्वास से भर देता है। दिल्ली के लोगों को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 देखने आने की सलाह देते हुएपीएम ने कहा कि यह संपूर्ण गतिशीलता और आपूर्ति श्रृंखला समुदाय को एक मंच पर लाता है।भारत अब एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दहलीज पर है, जिसमें ऑटो और मोटर वाहनों के पुर्जे बनाने वाले उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वैश्विक ऑटोमोटिव बाजार में भारत के कद पर प्रकाश डालते हुए, पीएम ने टिप्पणी की,आज, भारत यात्री वाहनों के लिए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है और वैश्विक स्तर पर वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करने वाले शीर्ष तीन देशों में से एक है।इसके अलावा, पीएम ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी पहल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों का समर्थन करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा,उद्योग के लिए सरकार ने 25, हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू की है। उन्होने कहा कि कल जो बजट पेश हुआ है आप उसमें भी इसका विजन देख पाते होंगे। कल बजट में जिन 3 रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा की गई है वो भी भारत में इज ऑफ ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ाने का काम करेगी। 2014 से पहले 10 साल के दौरान देश में करीब 12 करोड़ गाड़ियों की ही बिक्री हुई। वहीं 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक गाड़ियों की बिक्री हो चुकी है।उन्होने भव्य आयोजन के लिए भारत के ऑटोमोटिव उद्योग को बधाई दी और एक्सपो में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शकों के प्रयासों की सराहना की। देश में इतने भव्य और स?टैंडर्ड के कार्यक्रम का आयोजन उन्हें प्रसन्नता और आत्मविश्वास से भर देता है। यह संपूर्ण गतिशीलता और आपूर्ति श्रृंखला समुदाय को एक मंच पर लाता है। इस वर्ष के बजट में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है और स्टार्टअप्स को दी गई।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सज़्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# नवागत जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कार्यभार किया ग्रहण



कानपुर। नवागत जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में अपना कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जनहित के विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसका लाभ मिल सके। जन समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सुनिश्चित कराया जायेगा। श्री सिंह 2010 बैच के अधिकारी है जो मूलतः जनपद अयोध्या उ0प्र0 के निवासी है तथा कई महत्वपूर्ण पदों में कार्यरत रहे है। जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर मुरादाबाद व गाजियाबाद में कार्य किया, वर्तमान समय में जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर व उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण गाजियाबाद के पद पर कार्यरत थे।

## सीएमओ ने नन्हे अहान को पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर किया शुभारम्भ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिले में गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) पर मुज़्य चिकित्सा अधिकारी ने एक बच्चे अहान को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह दवा एक वर्ष से 19 वर्ष की उम्र तक के सभी बच्चों, किशोरें-किशोरियों को खिलाई गई। शहर के कृष्णापुरम क्षेत्र के सेंट मैरीज ऑर्थोडॉज़्स स्कूल मिनी लैप में मुज़्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ आलोक रंजन की मौजूदगी में अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएमओ ने बताया कि जिले में 20.24 लाख बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि किसी कारण बृहस्पतिवार को जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको पांच फरवरी को चलने वाले मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा अवश्य खिलाएं। इस दवा के सेवन से स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार के साथ साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी।

समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी लाने में इस कार्यक्रम का अहम योगदान है। कृमि से बचाव की दवा बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए सुरक्षित है। दवा से किसी भी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के माता पिता को सज़्बोधित करते हुए नोडल अधिकारी व अपर मुज़्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुबोध प्रकाश ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक की आयु के लक्षित बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गयी ।

## बजट पर बोले सांसद पचौरी, विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला बजट



बीपीएस न्यूज

कानपुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया गया। इस बजट में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपये किया गया है। जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत होगा। संसद के पहले दिन का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नगर सांसद सत्यदेव पचौरी ने अंतरिम बजट की सराहना की। इसे विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोदी सरकार द्वारा बनाया गया एक ऐतिहासिक बजट बताया।पचौरी ने कहा, ''मोदी सरकार 'सबका साथ एवं सबका विकास' के मंत्र के साथ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने पर विशेष ध्यान दे रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जो बजट पेश किया गया है उसमें गरीबों, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। यह विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोदी सरकार द्वारा बनाया गया एक ऐतिहासिक बजट है। इसके लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि जुलाई 2024 में जो पूर्ण बजट पेश किया जाएगा उसमें देश की जनता को और भी कई खुशखबरियाँ मिलेंगी।

## अब लाला लाजपत राय अस्पताल में नही होगी इंटरनेट की समस्या



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कालेज से सज़्बंद्ध लाला लाजपत राय अस्पताल में अब इंटरनेट की समस्या नही होगी जिससे मरीजो को पर्चा और लाइन में अपना ज्यादा समय बर्बाद नही करना पडेगा। लाला लाजपत राय हॉस्पिटल के प्रमुख अधीक्षक डा. आर.के.सिंह ने बताया कि अभी तक बीएसएनएल कज़्पनी द्वारा 100 एमबीपीएस की स्पीट प्रदान की जा रही थी जिससे सर्वर पर लोड ज्यादा पड रहा था और नेट की स्पीड की गति भी धीमी होने से लोगो को काफी समय तक लाइन में लगना पडता था,ललेकिन अब बीएसएनएल कज़्पनी से करार के बाद नेट की स्पीड 300 एमबीपीएस कर दी गई है जिसका कार्य चल रहा है जो कि एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा और नेटवर्किंग की समस्या से निजात मिल जाएगा।

## भैंरव घाट पर मगरमच्छ दिखने से मची अफरा-तफरी



बीपीएस न्यूज

कानपुर । कानपुर प्राचीन मंदिरो और घाटों का शहर में यहां बहने वाली मां गंगा नदी में प्रतिदिन हजारों श्रृद्धालू गंगा स्नान करते है ऐसे में गंगा नदी में मगरमच्छ जैसे भयानक जीव का देखा जाना जहां चिंता का विषय है तो वहीं गंगा स्नान करने वाले लोगों को भी अब सावधानी बरतनी होगी। कानपुर के भैंरव घाट पर कल गंगा तट तक एक विशालकाय मगरमच्छ को स्थानीय लोगों ने देखा, इसके बाद जहां लोगों में दहशहत का माहौल बन गया तो वहीं लोग गंगा किनारे जाने में डरने लगे है। लोगों की माने तो भैरव मंदिर से लगे भैरव घाट को श्मशान घाट भी कहा जाता है और यह अंतिम संस्कार करने का कानपुर में प्रमुख स्थान है। मृतकों के अंतिम संस्कार के उपरान्त हिंदू धर्म में गंगा स्नान का प्रावधान है और लोग करते भी है लेकिन यहां घाट पर मगरमच्छ देखे जाने के बाद लोगें ने स्नान नही किया वहीं यह डर और चिंता की बात है। फिलहाल नाविक और गोताखोर मगरमच्छ को ढूढने का प्रयास कर रहे है साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा गया है कि गंगा में स्नान करते समय सावधानी बरते क्यों कि कानपुर में कई घाट है जहां प्रतिदिन दूर-दूर से लोग गंगा स्नान करने आते है साथ ही यदि स्नान के समय ध्यान नही दिया गया तो कोई हादसा भी हो सकता है।

## गौतम बुद्ध पार्क पर अनाधिकृत निर्माण को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश की कानपुर शाखा के पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधी मण्डल जिलाधिकारी से मिला तथा उन्हे इन्द्रिा नगर कल्यानपुर स्थित गौतम बुद्धा पार्क की जमीन पर अनावश्यक तथा अनाधिकृत रूप से कराये जा रहे निर्माण कार्यो पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की ज्ञापन के दौरान संस्था की अध्यक्ष ध्र्म नन्दिनी ने बताया कि गौतम बुद्धा पार्क में पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों के भ्रमण करने के लिए पार्किंग स्थल हेतु समुचित जमीन छोडी गई थी जहां अनावश्यक व अनाधिकृत रूप से क्रिया घर का निर्माण तो कराया ही जा रही है, उसी स्थान पर कूडा घर बना दिया गया है, जिसकी दुर्गन्ध के कारण पार्क में आने वालो तथा सडक से गुजरने वालो को परेशानी होती है। साथ ही कुछ और निर्माण कराये जाने के लिए पार्किंग की जमीन पर गडढे खोदे गए है तथा निर्माण सामग्री भी रखी गई है और इससे क्या निर्माण किया जायेगा यह भी जानकारी में नही है। महामंत्री मुकेश कुमार राव ने कहा कि पार्क का रख-रखाव कानपुर विकास प्राधिकरण के पास है जो, पार्क के विकास पर समुचित ध्यान नही देता है और उसी का परिणाम है कि पार्क की जमीन पर दूसरे लोगों द्वारा अनाधिकृत निर्माण की साजिश की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से उपस्थित पदाधिरियों ने पार्क में हो रहे निर्माण कार्यो पर रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर धर्म नन्दिनी, राजेश हंस, मुकेश कुमार राव, सुमन लता पाण्डे, दिलीप कुमार पाण्डेय, शुभम, आदित्य मिश्रा, अनुराग, राजू सैनी आदि उपस्थित रहे।

## चौपहिया वाहन चालकों को एआरटीओ प्रवर्तन ने सीट बेल्ट से संबंधित दी जानकारी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत राजेश राजपूत व कहकशा खातून सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा सीट की चेकिंग की गई एवं वाहन में बैठे हुए यात्रियों को भी सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया। प्रवर्तन अधिकारी ने कहा कि सीट बेल्ट लगाने से लगाने से दुर्घटना के समय बैलून खुल जाते है जिससे वाहन चालक और बैठे हुए यात्रियों की जान बच सकती है। एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा खातून ने चालको को पत्रक देकर उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया और भविष्य में सीट बेल्ट लगा कर चलने को कहा। सुड़क सुरक्षा माह को लेकर प्रवर्तन अधिकारियों ने 172 चौपहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट से सज़्बंधित जानकारी दी।

## बजट में युवाओं व महिलाओं को रोजगार देने की गारंटी नहीं



कानपुर। समाजवादी पार्टी मतदाता सूची जांच कमेटी की बैठक में युवाओं को सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने बजट में कामगारों को कोई महत्व नहीं दिया है और आवास योजना में 5 साल में 2 करोड़ घर बनाने की घोषणा की। वेघरों की संख्या 9 साल में बेतहाशा बढ़ रही है इससे गरीबों को सिर छुपाने का मौका चुनावी घोषणाएं रही। उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ रही है रोजमर्रा की चीजों की बढ़ते दामों से जनता की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है लेकिन उनको राहत नहीं दी जा रही है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता के के शुज़्ला महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महानगर के महासचिव संजय सिंह, हाजी अयूब आलम, महेंद्र सिंह, सुलेखा यादव, वंदना दिवाकर, संजय निषाद आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## जुआं खेलते जुआरिओं को पुलिस ने दबोचा




बीपीएस न्यूज

कानपुर। कैंट क्षेत्र के मीरपुर में एक मकान में जुआं खिलाये जाने तथा कई लोगों द्वारा जुआं खेलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने जब तस्दीक कराया जो सूचना सही पायी गयी, जिसके उपरानत सूचना को उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर उक्त मकान में छापा मारा गया, जिसमें पुलिस टीम को जुआ खेलते हुए लोग मिले जिन्हे गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना रेलबाजार कैंट पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के मकान नम्बर 275-बी, बॉबसन स्कूल के पास पप्पू समोसे वाले के मकान के कमरे में जुआं खिलाया जाता है और अभी भी वहां कई लोगों द्वारा जुआ खेला जा रहा हैं सूचना को तस्दीक कराया गया तो सूचना सही पायी गयी और पुलिस द्वारा उक्त मकान पर छापेमारी कर जुआं खेल रहे लोंगों को गिरफ्तार किया गया। पकडे जाने वलो अभियुक्तों में मो0 आमिर, मो0 राशिद, अतीक अहमद, मो0 शोएब, मो0 चांद, जुनैद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि मौके पर कई लोग हजारो रूपये के हार-जीत की बाजी ताश द्वारा लगा रहे थे। मौके से मालफड 52 हजार 9सौ रूपये, ताश के पत्ते तथा मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस टीम में जितेन्द्र पाल, गजेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, राहुल कुमार, अंकुर, विपिन कुमार तथा आकाश कुमार थाना रेलबाजार शामिल रहे।

## रूमा इंडस्ट्रियल एरिया में रेलवे पटरी के पास दिखे तीन बडे अजगर

कानपुर। थाना महारापुर क्षेत्र के अतंर्गत रूमा इंडस्ट्रियल ऐरिया में तीन बडे अजगरों को देखने के बाद क्षेत्र. में अफरा-तफरी फैल गयी और स्थानीय निवासी बडी संख्या में अजगर को देखने के लिए पहुंचने लगे। लोगों ने अजगर का वीडियो भी बनाया। इसी बीच वन विभाग को सूचना दी गयी।

जानकारी के अनुसार इंडस्ट्रियल एरिया रूमा स्थित रेलवे पटरी के पास घनी झाडियां है और बुधवार की सुबह इन्ही झाडियों के बीच लोगों ने तीन बडे-बडे अजगरों को देखा।

## नर्स ने लगाया अस्पताल संचालक पर आरोप, लगातार करता है शोषण का प्रयास

### नर्स ने थाने में की शिकायत, अन्य महिला स्टॉफ के साथ भी संचालक कर चुका बदतमीजी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। घरों से निकलकर अपने परिवार को भरण पोषण में भागीदारी निभाने वाली महिलाऐ या युवतिया क्या हमारे समाज के बीच सुरक्षित है। यह प्रश्न उस समय और भी प्रभावी हो जाता है जब कुछ ऐसी घटनाये सामने आती है तो मानव रिश्तो और संवेदनाओं को तार-तार कर जाती है। एक ऐसे ही मामले में एक अस्पताल के संचालक द्वारा अस्पताल की नर्स पर ग्रर्लफ्रेंड बढने का दबाव डाला गया साथ ही इसके बादले नर्स को तनख्वाह बढाने का भी लालच दिया गया।

जानकारी के अनुसार कल्याणपुर स्थित एक अस्पताल का संचालक, जिसका नाम डा0 राम प्रकाश है उसके खिलाफ उसकी ही अस्पताल की एक नर्स ने शारीरिक शोषण करने के प्रयास को लेकर पुलिस से शिकायत की है। नर्स की तहरीर पर अस्पताल संचालक के खिलाफ कल्याणपुर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। कल्याणपुर के राधाकृष्ण अस्पताल में नर्स का कार्य करने वाली तथा रावतपुर क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि वह अस्पताल में नर्स का काम करती है। उसने बताया कि उसने अस्पताल के संचालक डा0 राम प्रकाश से सैलरी बढाने को कहा तो राम प्रकाश से सैलरी बढाने के साथ ही अपनी गर्लफ्रेंड बनने की बात सामने रखी, जिसे नर्स ने मना कर दिया। नर्स ने बताया कि विरोध करने पर संचालक ने अभद्रता की साथ ही अशलील हरकत करने लगा। बताया कि संचालक नशे में अन्य महिला स्टॉ। से भी छेडछाड करता था और पहले भी उसने अपने स्टॉफ के पुरूष कर्मियों के साथ मिलकर एक अन्य महिला कर्मी से साथ सोने तथा शारीरिक संबनध बनाने की बात कही थी। वहीं पूरे प्रकरण पर थाना प्रभारी धनंजय पांडये का कहना है कि अस्पताल की नर्स द्वारा संचालक पर गंभीर आरोप लगाये गये है। डा0 राम प्रकाश पर छेडछाड तथा अशलील इशारे करने की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपी को गिरफ्तार करके उससे पूंछतांछ की जा रही है।

## मैरिज हॉल में सिलेंडर से लगी आग, नही मौजूद अग्निशमन यंत्र, किसी प्रकार आग पर पाया गया काबू, खाना हुआ बर्बाद

### विभागीय सांठ-गांठ के चलते बरती जा रही लापरवाही, हादसों से भी जिम्मेदार नही ले रहे सबक

कानपुर नगर, कानपुर में सरकारी विभाग के अधिकारी किस प्रकार लापरवाह है उसके कई उदाहरण आये दिन देखने को मिलते है। इसे लापरवाही न कहकर यदि सांठ-गांठ कही जाये तो ज्यादा ठीक होगा। अग्निशमन विभाग की लापरवाही के कारण आये दिन शहर में हादसे होते रहते है। मानको को ताक पर रखकर नर्सिंगहोम, थेयटर, प्रतिष्ठानो, होटलो तथा गेस्टहाउस आदि में कार्य किया जाता है और जब कोई हादसा होता है तब कुछ समय के लिए इन जिम्मेदारों की नींद खुलती है और कुछ समय बाद फिर सामान्य अवस्था में हो जाता है।थाना रावतपुर क्षेत्र के अंतर्गत बने इंदर कौर मैरिज हॉल में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग जाने से अफरा-तफरी फैल गयी। गेस्ट हाउस में शादी समरोह चल रहा था और लडकी के साथ वर पक्ष के भी लोग पहुंच थें। लापरवाही इतनी कि जहां आग लगने के बाद हलवाई तथा कुछ अन्य युवक आग बुझाने की कोशिश में लगे थे तो ऐसे में गेस्टहाउस का कोई भी व्यक्ति सामने नही आया। बडी बात यह कि गेस्ट हाउस में आये दिन विवाह समारोह होते रहते है और दुघर्टनाये बताकर नही होती बावजूद इसके यहां आग बुझाने के लिए यंत्र नही था। पास ही बने पेट्रोल पंप से आग बुझाने के साधन लाए गए तक जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद दमकल विभाग की टीम व गाडी पहुंची। फायर सिलेंडर से निकल पाउडर के कारण पूरा खाना बर्बाद होगया, जिसे देखकर लडकी के पिता तथा अन्य परिजन रोने लगे। उनका कहना था कि अब इतनी जल्दी कैसे इंतजाम पूरा किया जायेगा। आखिर विभाग कब तक लापरवाही बरतता रहेगा या फिर पैसा खाकर अधिकारी इस ओर ध्यान ही नही देना चाहते है। कुछ भी हो नुकसान गेस्टहाउस में कार्यक्रम कराने वाले का ही होता है, क्यों कि वह व्यक्ति भी गेस्टहाउस के किराए की रकम अदा कर चुका होता है और उसके हाथ ऐसे हादसों के बाद कुछ नही रह जाता।

# क्षुब्ध युवक ने रेता अपना गला, इलाज के दौरान हुई मौत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उन्नाव के रहने वाले युवक ने अपना गला रेत लिया था। इससे पहले उसने थाना रेलबाजार के अंतर्गत अपनी ही ससुराल के बगल में लगे पाकड के पेड पर चढ कर आत्महत्या करने का मन बनाया था लेकिन पुलिस की सक्रियता के कारण उसे किसी प्रकार पेड से नीचे उतरवा लिया गया था। लेकिन दूसरे ही दिन युवक ने अपना गला रेत लिया था, जिसका इलाज हैटल में चल रहा था, शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बतादें कि मूल रूप से उन्नाव कोतवाली निवासी मोहम्मद मुश्तकीन की ससुराल थाना रेलबाजार क्षेत्र के गार्डन नंबद 6 में है तथा मुश्तकीन का अपनी पत्नि के साथ कोई में तलाक का मामला चल रहा है। बीती मंगलवार की सुबह वह अपनी ससुराल पहुंचा जहां उसके तथा उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद वह ससुराल के बगल में स्थित पाकड के पेड पर आत्महत्या के उददेश्य से चढ गया था, लेकिन मौके पर पुलिस पहुंची और उसे समझाबुझाकर नीचे उतारा गया था। मुस्तीन ने बुधवार को अपना गला रेत लिया, जिसके बाद उसे इलाज के हैलट में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार तनाव में आकर मुस्तकीन ने यह कदम उठाया वहीं हैलट अस्पताल में मुस्तकीन को छोडकर उसके परिजना फरार हो गये थे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को हैलट की मोर्चरी में रखवा दिया।

# बिना परमीशन कटवा दिया पुराना पीपल का वृक्ष

**बीपी एस न्यूज**

कानपुर। जल, वायु अग्नि जितना मानव सभ्यता को पनपने के लिए, प्रकृति के संरक्षण के लिए आवश्यक है उससे कही ज्यादा ऑक्सीजन का महत्व है और यह ऑक्सीजन हमें पेडो के द्वारा मिलती है। किसी भी पेड को कटवाने के लिए अनुमती का लेना आवश्यक होता है और कारण बताने पडते है लेकिन शास्त्री नगर चौकी के चंद कदमों के पास ही एक बडे पीपल के वृक्ष को बिना परमीशन के कटवा डाला गया।जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर चौकी के कुछ ही दूरी पर स्थित एक विशाल पुराने पीपल के पेड को बिना विभागीय अनुमती के कटवा दिया गया। बडी बात तो यह कि इस सम्बन्ध में जब नगर निगम के सम्बन्धित अधिकारी से बात की गयी तो बताया गया कि पेडकाटने का कोई परमीशन नही दिया गया। बताया जाता है कि काकादेव में कोचिंग चलाने वाला केके सर उर्फ बउआ जिसका उस स्थान पर बैठने का अडडा है जहां पेड था वह उसे स्थान पर अवैध कब्जा करना चाह रहा था और इसी कारण उसने बिना किसी परमीशन के पेड को कटवा दिया। इतना ही नही केके नगर निगम तथा पुलिस विभाग को पैसा देने की भी बात कह रहा है। घटना शास्त्री नगर पुलिस चौकी के पास ज्ञान निकेतन के बगल की है। चूंकि पीपल का वृक्ष हिंदू मान्यताओं में एक पूज्यनीय पेड है, इसके चलते पीपल काटने पर क्षेत्र में काफी रोष है।

# आसरा आवास योजना में डूडा नें दिव्यांगो का कोटा नहीं किया पुरा, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने परियोजना अधिकारी डूडा पर आवास आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस सज़्बन्ध में मुज़्यमंत्री को पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच कि मांग की है।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि जिन लोगों के नाम लाटरी में निकाला गया था उनके नाम आवंटन लिस्ट से गायब है। विश्वनाथ सिंह, गौरव कुमार, बैभव दीक्षित ने इसकी शिकायत की है। ये सभी लोग आवंटन के दिन एच0बी0टी0यू0 में लाटरी के दौरान मौजूद थे और इनका नाम लाटरी में डाला गया था और आवास आवंटन की सूचना प्रसारित कि गयी थी। आवंटन लिस्ट में इनका नाम नहीं है। आवंटन में दिव्यांगजनों का आरक्षण कोटा पूरा नहीं किया गया है डूडा ने मनमानी की है। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी इसके विरोध में सड़कों पर उतर कर संघर्ष करेगी। इसके लिए रविवार को जिला ईकाई की बैठक बुलाई गयी है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनो को सत प्रतिशत आवास मिलना चाहिए, लेकिन यहाँ तो दिव्यांगों के आरक्षण पर ही डकैती डाली जा रही है।





# ज्ञानव्यापी पर कोर्ट के फैसले के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन रहा चौकन्ना

## हरेक क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगातार जारी रहा भ्रमण शहर में धारा 144 भी लागू 7 -प्रशासनिक अधिकारी भी उतरे सड़कों पर, सभी धर्माचार्यों से व्यवस्थित व सामान्य स्थिति बनाये रखने की अपील की

**बीपी एस न्यूज**

कानपुर। ज्ञानव्यापी पर आये कोर्ट के फैसले के बाद मुस्लिम समाज के बड़े चेहरों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है तो वहीं शुक्रवार को ज्ञानव्यापारी इंजामिया कमेटी द्वारा बनारस बंद का आवाहन किया गया। इसके साथ ही जुमा होने के कारण कानपुर का पुलिस प्रशासन पूरी तरह सर्तक दिखा। कानपुर के लगभग सभी संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पुलिस गश्त करती रही। सभी थाना तथा चौकी प्रभारी फोर्स के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे तो वहीं पुलिस आयुक्त अखिल कुमार तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी सहित पुलिस उपायुक्त भी सड़कों पर रहे। इस दौरान सभी छोटी-बडी बातों का विशेष ध्यान रखा गया, पुलिस द्वारा कही भी भीड की स्थित नही बनने दी गयी और सारी व्यवस्था पर नजर बनाये रखा। बतादें के बनारस के ज्ञानव्यापी में कोर्ट के आये फैसले के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा विरोध किया गया है। मुस्लिम समुदाय के कई अहम चेहरों ने कोर्ट के इस फैसले का जहां विरोध किया है तो वहीं बनारस बंद का आवाहन भी किया गया है। बनारस की गर्मी पूरे उज़र प्रदेश में महसूस हो रही है। कानपुर में पुलिस प्रशासन को सर्तक रहने के निर्देश दिऐ गऐ, जिसके चलते पुलिस विभाग के आलाधिकारी सहित पूरी पुलिस फोर्स सड़कों पर गश्त करती रही। परेड स्थित सदभावना चौकी पर पुलिस आयुक्त द्वारा प्रबुद्ध लोगों, सभी वर्गो के धर्माचार्यो, प्रमुख शहर काजियो, मौलानाओ सहित मस्जिदों के इमाम तथा मुदिरों के पुजारियों से संपर्क में रहे और वार्ता करते रहे साथ ही शहर को सामान्य, व्यवस्थित और अच्छे वातावरण बनाये रखने की भी अपील की।जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी, साथ थाना प्रभारी, ज्यूआरटी व पुलिस बल सड़कों पर गश्त करते रहेसाथ ही सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते दिखाई दिए। बताया गया कि 26 हजार से अधिक कैमरो के द्वारा शहर की सड़कों पर, अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है और यदि कोई भी माहौल खराब करने का प्रयास करता दिखाईदिया तो उसके विरूद्ध सज़्त कार्यवाई की जायेगी। इस दौरान जेसीपी आनंद प्रकाश द्वारा कहा गया कि हमारे द्वारा धारा 144 के अंतर्गत तीन प्रतिबन्धात्मक तथा एक सामान्य प्रतिबन्धात्मक निमय लागू किया गया है कि किसी के द्वारा किसी भी प्रकार से अफवाह न फैलायी जाये, खुले में डीजल, पेट्रो न ले जाया जाये तथा यदि कोई भी व्यक्ति किसी बाहर से अपने वाले व्यक्ति को अपने यहां किराए पर रखता है तो उसकी जानकारी पुलिस को अवश्य दी जाये इसके साथ ही कहा पूरे पुलिस अमला शहर की शांति के लिए प्रतिबद्ध है और सडकों पर गश्त कर रहा है। इस दौरान शहर की व्यवस्था को संभालने के लिए पीएसी के जवान, 632 एलआईयू कर्मी, 2075 पुलिस यूवा मित्र, 1744 सिविल डिफेंस वालियंटियर भी व्यवस्था बनाई गई।

# एडीसीपी ट्रैफिक ने जांची रामादेवी चौराहे की यातायात व्यवस्था

## बीच सडक पर खड़े वाहनो के चालकों को दी चेतावनी,कई वाहनो का किया चालान



**बीपी एस न्यूज**

कानपुर। यू तो पूरे ही कानपुर नगर के यातायात की व्यवस्था बुरी तरह चरमराई है। समय पर कानपुर का व्यक्ति अपने गंतव्य तक नही पहुंच सकता। सुबह विशष रूप से शाम को सडकों पर वाहनों का इतना लोड हो जाता है कि लोग प्रतिदिन घंटों जाम से जूझते नजर आते है। इनमें से भी प्रमुख चौराहों में एक रामादेवी चौराहे का हाल बद से बदतर है। हालत यह तब है जब चौराहे पर ही थाना बना हुआ है लेकिन सेटिंग के चलते जनता की परेशानियों पर ध्यान नही दिया जाता और इस चौराहे पर सुबह से लेकर शाम तक ठेले, ई रिज़्शा, बस आदि से बुरी तरह जाम की स्थिति बनी रहती है और थाना पुलिस चुपचाप वसूली में लगी रहती है। शुक्रवार को यातायात एडीसीपी द्वारा रामादेवी चौराहे का निरीक्षण किया गया।अपने निरीक्षण के दौरान एडीसीपी शिव सिंह ने रामादेवी चौराहे पर खडे वाहनो के प्रति सज़्त रूख अपना और वाहन चालकों को चेतवनी देते हुएकहा कि यदि आगे से सडक पर वाहन खडे होने तो उनका चालान किया जायेगा साथ ही कई वाहनों के चालान काटे गये। वहीं अवैध स्टैंड पर उन्होने कहा कि यहां जो भी अवैध स्टैंड चलाये जा रहे है उनपर कडी से कडी कार्यवाई की जायेगी। नगर निगम से बात-चीत हो चुकी है बहुत जल्द अवैध स्टैंड हटवाये जायेगें जिससे रामादेवी चौराहा अवैध स्टैंड से मुक्त होगा। होता यह है कि यहां सवारी भरने के लिए हर सवारी वाहन, टैज़्सी, ईरिज़्शा, ऑटो, बस आदि की अराजकता चरम पर है। बीच रोड पर वाहन खडा करके सवारी का इंतजार किया जाता है, जिससे दुपहिया वाहन, पैदल चलने वालों को जाम का सामना करना पडता है, जबकि यह काम पुलिस का है कि जरा सा बल प्रयोग कर स्थिति को समान्य किया जा सकता है लेकिन थाना चकेरी चौराहे पर होने के बाद भी यहां पुलिस वसूली में मगन रहती है और चौराहे पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है।

# वर्ष में ही बुरी दशा में पहुंचा सीओडी ओवर ब्रिज

## पूरे पुल में जगह-जगह गड्ढे, सड़क का लेबल भी नही बराबर, छोटे-बड़े गड्ढो के साथ कुछ गड्ढो में दिखने लगी सरिया

कानपुर नगर, सरकारी काम-काज में हो रहे भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण कानपुर के टाटमील से रामादेवी को जोडने वाला सीओडी ओवर ब्रिज में देखने को मिल रहा है। जिस पुल को बनने में 11 साल का समय लगा उसकी दशा 4 साल में ही बद से बदतर होती जा रही है। छोटे-बडे मिलाकर एक दर्जन से भी अधिक गडढो के साथ पुल की सडक भी बराकद नही है। वाहन यहां हिचकोले खाते निकलते है। इतना ही नही बडे गढढो की तो सरिया तक दिखने लगी है।सीओडी पुल जिसकी कानपुर निवासियों को काफी समय से प्रतीक्षा थी और यहां पडने वाली क्रासिंग से रामादेवी की ओर जाने आने वालों को घंटों जाम से जूझना पडता था। किसी प्रकार राम-राम करके 11 वर्षो में पुल तैयार तो हुआ लेकिन अभी इसके लोकापर्ण के चार वर्ष भी नही बीते की पुल की दशा बद से बदतर हो गयी है। इतना ही नही देखरेख के आभाव से यहां बडे बडे गढढे तक हो गये है, जिससे सरिया तक दिखाई दे रही है। जीटी रोड का यह एक मुख्य मार्ग पर पडने वाला पुल है तथा इससे हर प्रकार के छोटे बडे वाहन गुजरते है। रात्रि का आलम यह कि ध्यान दिया दिया जाये तो वाहन चालक चोट खा जाये। विभागीय जिम्मेदारों को यह दिखाई नही दे रहा या उन्होने आंखे बंद कर रखी है। हीलाहवाली इतनी की पुल को ठीक करने के लिए काफी पहले निरीक्षण भी किया गया था लेकिन मौसम खराब का हवाला देकर काम टाल दिया गया था और



आज भी सम्बन्धित अधिकारियों को यह याद नही आ रहा है कि आम जनो की समस्या का उन्हे ही समाधान करना है।

# तिरूपति ऑटो शो रूम के बाहर युवक ने किया जमकर हंगामा

## नई एक्सयूीव कार थी युवक ने खरीदी जो देने लगी धुंआ एक्सजेंस ऑफर में हो रहा खरीदार युवक को बड़ा नुकसान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर के दामोदर नगर में एक कार शोरूम के बाहर पहुंचे एक युवक ने हंगामा खडा कर दिया। उसका कहना था कि उसने कुछ दिन पहले यहां से एक नई गाडी खरीदी थी जो काफी धुंआ देने लगी, जिसकी शिकायत शोरूम के मालिक से की गयी थी और उन्हे कार एक्सचेंज का ऑफर दिया गया था लेकिन उसे काफी नुकसान उठाना पडेगा, उसने आरोप लगाया कि उसके साथ धोखाधडी की गयी है।जानकारी के अनुसार दामोदर नगर स्थित श्री तिरूपति ऑटो शोरूम पर एक युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक का कहना था कि उसे पुरानी कार दी गयी है तथा महिंद्रा के ऑट्ज़े शोरूम पर उसके साथ धोखधडी की गयी है। उसने बताया कि कुछ ही समय




पहले उसके इस शो रूम से एक्सयूीव कार खरीदी थी जो कुछ ही समय में काफी धुंआ देने लगी। जब इसकी शिकायत की गयी तो उन्हे एक्सचेंज ऑफर दिया गया लेकिन इसके लिए उन्हे 15 दिन काफी दौडाया गया साथ ही जब उन्हे एक्सेंज ऑफर के नियम बताये गये तो उसके कहा कि नियमों के हिसाब से उसे काफी नुकसान उठाना पडेगा। युवक काफी देर तक शोरूम के बाहर हंगामा करता रहा। जहां युवक ने कहा कि शोरूम द्वारा उसे पुरानी कार देकर उसके साथ धोखाधडी की गयी है तो वहीं शोरूम के मैनेजर का कहना हैकि युवक जो आरोप लगा रहा है वह बेबुनियाद है।

# दर्जनो पशुओं को ले जाते ट्रक को जेब्रा पुलिस ने रोका, ट्रक में जबरन क्रूरता के साथ भरे गये थे पशु, चालक मौके से फरार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।एक बार फिर दर्जनों पशुओं की तस्करी कर ले जा रहे ट्रक को जेब्रा पुलिस द्वारा रोका गया। पुलिस को देखते ही जहां ट्रक चालक मौके से फरार हो गया तो वहीं पुलिस द्वार वैकल्पि चालक की व्यवस्था कर पशुओं से भरा ट्रक थाने ले जाया गया। वहीं मौके पर ही शंका होने पर मौजूद सफारी गाडी में बैठे चार लोगों को भी पुलिस पूंछतांछ के लिये थाने लाई। यह पहला वाक्या नही है जब पशु( भैंस) से भरे ट्रक को पकडा गया हो। वर्तमान में कानपुर का पनकी क्षेत्र के भौती नेशनल हाइवे पर पशु तस्करों की गतिविधा बढती जा रही है।कानपुर के थाना पनकी के भौती नेशनल हाइवे पर भैंसो से लदा ट्रक जा रहा था, जिसे जेब्रा पुलिस द्वारा रोका गया तो पाया गया कि उसमें दर्जनों भैसों को क्रूरता के साथ ढूंसा गया है। अवसर पाकर मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। वहीं पुलिस ने एक चालक की व्यवस्था कर भैसों से भरे ट्रक को जहां थाने भिजवाया तो वहीं मौके पर मौजूद एक सफारी कार को रोका और उसमें बैठे चार लोगों को भी पूंछतांछ के लिए पुलिस थाने ले आई। इस सम्बन्ध में पनकी पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन संख्य यूपी 21 एनसीएन 0670 में कुल 16 भैसें ले जाई जा रहीं थी, जिन्हे क्रूरतापूर्वक बांधा गया था। वाहन को वैकल्पिक चालक से चलवाकर चौकी इंडस्ट्रियल एरिया लाया गया है। प्रकरण में पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है तो वहीं अवैध कटान के लिए गौवंश परिवहन की बात को असत्य बताया गया। स्थानीय लोगों की माने तो आये दिन हाइवे से पशुओ से भरे ट्रक निकलते है और जो यह ट्रक पकडा गया है वह एक बंद ट्राला है। वैसे अधिकांश पशुओं को



ऊपर से खुले ट्रक में ले जाया जाता है लेकिन बंद ट्राला में गौवंश ले जाना अवैघ कटान की ओर इंगित करता है।

# अधिक आमदनी के साथ सेहत के गुणों का भी खजाना है रंगीन गोभी



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एव प्रौधोगिकी विश्वविधालय कानपुर के कल्याणुपर स्थित सब्जी अनुभाग अध्यक्ष डा0 राम बटुक सिंह ने बताया कि सब्जी प्रक्षेत्र पर रंगीन फूलगोभियों के परीक्षण सफलता पूर्वक संपादित कराए गए है।उन्होने बताया कि रंगीन फूल गोभी स्वादही नही अधिक आय व सेहत के लिए लाभकारी है। रंगीन गोभियों में कैरोटिनाईड, फ्लोवोनॉयड, सकार्बिक एसिड, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी एवं जरूरी मिनरल्स पाए जाते है। उन्होने बताया कि इनके उगाने की विधि समान फूलगोभी की ही भांति है। किसानों को सलाह दी कि इस गोभी के बीज की मात्रा 200 से 350 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से होती है। इसकी खेती सामान्य जलवायु में आसानी से की जा रही है। कहा कि आमदनी की दृष्टि से रंगीन फूलगोभी कृषकों के लिए अधिक लाभकारी है क्योंकि रंगीन फूलगोभी का बाजार एवं मूल्य सामान्य फूलगोभी से अधिक रहता है।

# भगवान राम के अयोध्या में आते ही बरसों पुराने मुद्दे सुलझने लगे हैं

भगवान राम अयोध्या स्थित अपने दिव्य भव्य और नव्य मंदिर में क्या विराजमान हुए, देश के बरसों पुराने मुद्दे सुलझने लगे हैं। अभी पिछले सप्ताह ही वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर के बारे में एएसआई की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि वहां पहले हिंदू मंदिर था जिसे ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण किया गया। उसके बाद देशवासियों का मन आज तब खुशी से झूम उठा और चारों ओर हर हर महादेव के नारे लगने लगे जब उत्तर प्रदेश के वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा—पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेन्द्र पाठक को दे दिया है। बताया जा रहा है कि प्रशासन सात दिन के अंदर पूजा—पाठ कराने की व्यवस्था करेगा और पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा।

हम आपको बता दें कि अदालत द्वारा दिये गये आदेश में कहा गया है, 'जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी / रिसीवर को निर्देश दिया जाता है कि वह सेटेलमेंट प्लॉट नं. 9130 थाना—चौक, जिला वाराणसी में स्थित भवन के दक्षिण की तरफ स्थित तहखाने, जोकि वादग्रस्त सम्पत्ति है, वादी तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड के द्वारा निर्दिष्ट पुजारी से पूजा, राग—भोग, तहखाने में स्थित मूर्तियों का कराये और इस उद्देश्य के लिये सात दिन के भीतर लोहे की बाड़ आदि में उचित प्रबंध करें।' हम आपको यह भी बता दें कि ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा—पाठ किये जाने संबंधी आवेदन पर जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिन्दू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था और अब वहां फिर से हिंदुओं को पूजा का अधिकार मिलना चाहिये। इस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि व्यास जी का तहखाना मस्जिद का हिस्सा है लिहाजा उसमें पूजा—पाठ की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया है कि ज्ञानवापी के सामने बैठे नंदी महाराज के सामने से रास्ता खोला जाएगा।

वहीं हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि हमें पूजा पाठ का अधिकार चाहिए था जोकि हमें मिल गया है यह बहुत खुशी की बात है। वहीं धर्मगुरुओं की भी प्रतिक्रियाएं इस मुद्दे पर आने लगी हैं। मुस्लिम पक्ष ने जहां अदालत के फैसले को निराशाजनक बताते हुए इसे चुनौती देने की बात कही है वहीं हिंदू पक्ष ने कहा है कि न्याय की जीत हुई है।

# बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे कानपुर

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।चौबेपुर वासियों ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया 7 धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की एक झलक पाने के लिए आधी रात से ही डटे रहे श्रद्धालु 7 धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को अपने बीच पाकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु कानपुर में चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर बैदानी गांव में नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचे थे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आयोजकों के साथ मिलकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने सफल कराया भव्य आयोजन।



# प्रभु श्रीराम के जीवन की साक्षी रही है सरयू नदी



अयोध्या से होकर बहने वाली सरयू नदी प्रभु श्रीराम के वनवास काल से लेकर उनकी अयोध्या वापसी और बैकुंठगमन तक की साक्षी रही है। सरयू नदी का नाम सुनते ही मन प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंच जाता है। देश में गंगा, यमुना, गोदावरी और नर्मदा जैसी पवित्र नदियों का अपना महत्व है। तो वहीं सरयू नदी प्रभु श्रीराम के वनवास काल से लेकर उनकी अयोध्या वापसी और बैकुंठगमन तक साक्षी बनी। नदियों की बात की जाए तो सरयू नदी का अपना अलग इतिहास, पहचान व महत्व रहा है। सरयू नदी का नाम सुनते ही मन प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंच जाता है। ऐसे में एक बार फिर सरयू नदी अयोध्या के राम मंदिर की साक्षी बन रही है। तो आइए जानते हैं भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या से सरयू नदी का संबंध और इसका महत्व

हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक सरयू नदी किसी भी नदी की सहायक नदी नहीं है। पौराणिक ग्रंथ रामायण में सरयू नदी का उल्लेख मिलता है। उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी से यह नदी होकर बहती है। अयोध्या को भगवान श्रीराम की नगरी भी कहा जाता है। वहीं अयोध्या की भूमि को उपजाऊ बनाने में भी सरयू नदी का काफी योगदान है। वास्तव में सरयू नदी से अयोध्या काफी समृद्ध है। इसके अलावा अयोध्या एक पर्यटन स्थल के रूप में भी सामने आया है। ऐसे में सरयू नदी के तट पर बसी श्री राम की नगरी अयोध्या में कई पर्यटक स्थल हैं।

ऋग्वेद में सरयू नदी का उल्लेख मिलता है। सरयू नदी अयोध्या शहर के पास बहती थी। श्रीराम को भगवान श्रीहरि विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है। पौराणिक कथाओं में इस घटना का भी उल्लेख मिलता है कि राजा दशरथ द्वारा सरयू नदी के तट पर दुर्घटनावश श्रवण कुमार की हत्या कर दी गई थी। साथ ही यह भी कहा जाता है कि धरती के नीचे बहने वाली यह एकमात्र नदी है। अयोध्या में बहने वाली यह पवित्र नदी शहर की अशुद्धियों और पापों को धोती है। कई धार्मिक मौकों पर हजारों की संज़्या में श्रद्धालु सरयू नदी में डुबकी लगाते हैं।

## सरयू के पास हैं कई पवित्र स्थल


वैसे तो अयोध्या में सरयू नदी के तट पर घूमने के लिए काफी कुछ है। हजारों-लाखों की संख्या में पर्यटक पूरे साल अयोध्या घूमने के लिए आते हैं।

## राम जन्मभूमि

अयोध्या प्रांत के सबसे शानदार और सबसे प्रसिद्ध पर्यटक आकर्षण सह तीर्थ स्थलों में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली है। अयोध्या में राम जन्मभूमि में भारत का सबसे बड़ा राम मंदिर बनाया जा रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, अयोध्या हिंदूओं की पवित्र भूमि मानी जाती है।

## हनुमान गढ़ी मंदिर

अयोध्या में राम मंदिर के बाद अगला सबसे अहम मंदिर हनुमान गढ़ी है। यह शहर के सबसे ऊंचे टीले पर स्थित है। यहां से आप अयोध्या के कुछ बेहतरीन दृश्यों का आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि भगवान श्रीराम के दौरान इस स्थान पर उनके परम भक्त हनुमान का घर भी हुआ करता है। भारत की सबसे प्रमुख नदियों में शामिल सरयू नदी अपने आप में कई विविधताओं को समेटे हुए है।



# राम मंदिर जाने पर मिला फतवा तो भड़के इमाम उमर इलियासी

## ये सनातन भारत है कोई Muslim देश नहीं जहां Fatwa चलता हो



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को बाधित करने में नाकाम रहा एक वर्ग अब उन लोगों पर निशाना साध रहा है जिन्होंने इस समारोह में हिस्सा लिया था। खासतौर पर ऐसे लोगों पर हमले किये जा रहे हैं जो दूसरे धर्म से ताल्लुक रखने के बावजूद हिंदुओं के लिए सबसे बड़े दिन की खुशी में शरीक हुए। इसी कड़ी में ऑल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के मुख्य इमाम उमर अहमद इलियासी को निशाना बनाया जा रहा है। हम आपको बता दें कि उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग क्या लिया, कुछ कठमुल्लाओं ने उनके खिलाफ फतवा ही जारी कर दिया है। यही नहीं अब उन्हें धमकियां भी दी जा रही हैं। इमाम ने कहा, ''इसके बाद दो दिनों तक मैं सोचता रहा कि मुझे क्या निर्णय लेना चाहिए, क्योंकि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा निर्णय था। लेकिन फिर मैंने सांप्रदायिक सौहार्द के लिए, देश के लिए और राष्ट्रहित में सोचा तथा यह निर्णय लिया और अयोध्या गया।' इमाम ने कहा कि अयोध्यावासियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''मेरा उद्देश्य 'पैगाम–ए–मोहब्बत' देना था, जो मैंने वहां पहुंचाया।'' इमाम ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है, इसलिए माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता। इमाम ने साथ ही कहा है कि यह सनातन भारत है कोई मुस्लिम देश नहीं है। **हिंदू पर्वों की सूची जारी–**

हम आपको यह भी बता दें कि अयोध्या स्थित नवनिर्मित राम मंदिर में आगामी 14 फरवरी को बसंत पंचमी उत्सव को भव्य स्तर पर मनाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने विभिन्न हिन्दू पर्वों की एक सूची तैयार की है जिन्हें साल की 12 महत्वपूर्ण तिथियों पर मंदिर में मनाया जा सकता है। न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया है कि रामलला के मंदिर में विराजमान होने के बाद अब सभी धार्मिक आयोजनों और त्योहारों को हिंदू परंपराओं के अनुसार मनाने की तैयारी की जा रही है। ट्रस्ट ने त्योहारों की एक विस्तृत सूची तैयार की है। उन्होंने बताया कि रामनवमी अयोध्या के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है और उससे पहले बसंत पंचमी का पर्व आता है।


# ज्ञानव्यापी परिसर में जिस जगह पूजा बंद थी, वहां आरती होते देख भड़क गये अखिलेश यादव

वाराणसी जिला अदालत द्वारा हिंदुओं को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहख़ाने में पूजा का अधिकार दिये जाने के चंद घंटे बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसकी साफ सफाई की गई और फिर वहां पूजा की गई। पूजा पाठ और आरती से जहां विश्व के कोने–कोने में मौजूद हिंदू खुश नजर आ रहे हैं और हर हर महादेव के जयकारे लगा रहे हैं वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को मिर्ची लग गयी है। उन्हें यह बात पच नहीं रही है कि जिस जगह पूजा–पाठ पर उनके पिता ने रोक लगवाई थी आज वहां पूजा की अनुमति मिल चुकी है और श्रद्धालु पूजा पाठ कर रहे हैं, भगवान को भोग लगा रहे हैं और आरती गा रहे हैं। हम आपको यह भी बता दें कि वाराणसी की जिला अदालत के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती भी दी गयी है लेकिन देश की शीर्ष अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करने का निर्देश दिया है। समिति ने लगे हाथ उच्च न्यायालय में याचिका दायर भी कर दी है।

**पूजा–पाठ शुरू**

जहां तक वाराणसी की जिला अदालत की ओर से ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा–पाठ करने का अधिकार देने की बात है तो आपको बता दें कि यह अधिकार मिलते ही पूजा–पाठ शुरू हो चुका है। पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए व्यास परिवार के सदस्य जितेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि अयोध्या स्थित नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ की अगुआई में बुधवार देर रात काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारी ने व्यास जी के तहखाने में पूजा कराई। इस दौरान जिलाधिकारी एस राजलिंगम, मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा और पुलिस आयुक्त अशोक मुथा जैन तथा मंदिर के कई ट्रस्टी मौजूद थे। जितेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के कर्मचारियों ने सबसे पहले तहखाने के अंदर सफाई और शुद्धिकरण किया और फिर आचार्य गणेश्वर द्रविड़ ने कलश स्थापित किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद मंत्रोच्चार कर गौरी— गणेश की आरती की गयी और सभी देवताओं का स्मरण कर पूजन किया गया, उन्हें नैवेद्य, फल अर्पित किए गए और भोग लगा कर आरती उतारी गई। उन्होंने बताया कि पूजा—पाठ कार्यक्रम लगभग 40 मिनट चला। वहीं काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा–पाठ के लिये, रात करीब साढ़े 10 बजे खोला गया और उसकी साफ–सफाई करायी गयी। इस सवाल पर कि क्या तहखाने में पूजा शुरू हो गई है, उन्होंने कहा, ''हां।'' प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने कहा, ''जैसा कि अदालत का आदेश था, उसका पालन करना भी जरूरी था तो जिला प्रशासन ने मुस्तैदी के साथ सारी व्यवस्था कर दी है। मुझे लगता है कि जो भी कमी रह गई है उसे धीरे–धीरे दूर कर लिया जाएगा।''जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, व्यास जी के तहखाने में जिला अदालत से पूजा–पाठ की अनुमति मिलने के बाद बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैंने अदालत के आदेश का अनुपालन किया है।'' उनसे पूछा गया था कि आज तहखाने के अंदर क्या हुआ। कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि साफ–सफाई के बाद तहखाने में लक्ष्मी–गणेश की आरती की गयी।

# आडवाणी को भारत रत्न से नवाजा



बीजेपी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश को सर्वोच्च सम्मान से भारत रत्न से नवाजा जाएगा. उन्हें भारत रत्न देने की की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ट्वीट कर की. पीएम मोदी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी. हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है. उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है

- बीजेपी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश को सर्वोच्च सम्मान से भारत रत्न दिया जायेगा
- केंद्र की मोदी सरकार एक से एक मास्टर स्ट्रोक खेल कर विपक्ष को दे रही है झटका
- राम मंदिर निर्माण के प्रणेता माने जाते हैं आडवाणी

### देश के पुनर्निर्माण में आडवाणी की अहम भूमिकाः नितिन गडकरी

लालकृष्ण अडवाणी को भारत रत्न मिलने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमारे मार्गदर्शक लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा अत्यंत सुखद और आनंददाई है. आजादी के बाद देश के पुनर्निर्माण में आडवाणी की अहम भूमिका रही है. उनकी राजनीत राजनीति में शुचिता के जीवंत उदाहरण हैं. उनको 'भारत रत्न' घोषित करने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं और आडवाणी के स्वस्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं.

**बीपीएस न्यूज**

नई दिल्ली। बीजेपी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश को सर्वोच्च सज़्मान से भारत रत्न से नवाजा जाएगा. उन्हें भारत रत्न देने की की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ट्वीट कर की. पीएम मोदी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सज़्मानित किया जाएगा. मैंने भी उनसे बात की और इस सज़्मान से सज़्मानित होने पर उन्हें बधाई दी. हमारे समय के सबसे सज़्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है. उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है.पीएम ने कहा कि उन्होंने गृहमंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई. उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं. सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता द्वारा चिह्नित किया गया है, जिसने राजनीतिक नैतिकता में एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है. उन्होंने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में बेहतरीन प्रयास किए हैं. उन्हें भारत रत्न से सज़्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है. मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले हैं.रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सबके प्रेरणास्रोत श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय से बड़े हर्ष और आनंद की अनुभूति हुई है. वे राजनीति में शुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं. आडवाणी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में अनेक भूमिकाओं में, देश के विकास और राष्ट्रनिर्माण में जो महत्वपूर्ण योगदान किया है, वह अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद है. भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में भी उनकी महती भूमिका रही है. एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उन्होंने अपनी विद्वता, संसदीय एवं प्रशासनिक क्षमता से देश और लोकतंत्र को मजबूत किया है. उन्हें भारत रत्न का सज़्मान मिलना हर भारतवासी के लिए हर्ष का विषय है.



### इस साल कर्पूरी ठाकुर को भी दिया जाएगा भारत रत्न

अभी हाल ही में बिहार के मुज़्यमंत्री रहे और अन्य पिछड़ा वर्ग के बड़े नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न के लिए चुना गया. भारत रत्न पुरस्कार भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है, जिसे साल में 1954 में सबसे पहले पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था. भारत रत्न उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने सार्वजनिक सेवा, साहित्य, विज्ञान और कला जैसे क्षेत्रों में असाधारण काम किया हो. एक साल में अधिकतम 3 लोगों को भारत रत्न पुरस्कार से सज़्मानित किया जाता है. ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है.



## निर्मला सीतारमण पेश किया अंतरिम बजट, जय श्रीराम और जय सियाराम के नारे भी लगे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अंतरिम बजट पेश किया। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। 6 बार बजट पेश करने के मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की बराबरी कर ली। उन्होंने भी छह बार बजट पेश किया था। सदन के कार्यवाही शुरू होते ही निर्मला सीतारमण ने बजट पढ़ना शुरू किया। इसके बाद आखिर में वित्त मंत्री ने बजट को सदन के पटल पर रखा और कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब बजट पेश कर रही थीं, उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सभी केंद्रीय मंत्री उपस्थित रहे। आपको बता दें कि इस साल आम चुनाव होने हैं। आम चुनाव के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा ।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अपना लगातार छठा बजट पेश किया और 56 मिनट में अपना बजट भाषण समाप्त किया जो उनका अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण है। फिरोजी रंग की कढ़ाई वाली कांथा सिल्क की साड़ी पहनकर संसद पहुंचीं सीतारमण के भाषण के दौरान लोकसभा में सत्ता पक्ष के सदस्य उनकी घोषणाओं और टिप्पणियों पर बीच-बीच में मेजें थपथपाते देखे गए। जब उन्होंने कहा कि ''हमारी सरकार जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेगी'' तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सबसे ज्यादा देर तक मेजें थपथपाईं। विपक्षी सदस्यों ने भी वित्त मंत्री का बजट भाषण पूरे ध्यान से सुना। हालांकि लोकसभा चुनाव के बाद उनकी सरकार के सत्ता में लौटने संबंधी कथन पर विपक्ष की ओर से कुछ विरोध के स्वर सुनाई दिए।

इससे पहले आज पूर्वाह्न 11 बजे बजट भाषण शुरू होने से पहले जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा कक्ष में पहुंचे तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने 'भारत माता की जय', 'जय श्रीराम' और 'जय सियाराम' के नारे लगाए। सीतारमण का 56 मिनट का आज का बजट भाषण उनका अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण है। सदन में सबसे लंबा बजट भाषण देने का श्रेय भी सीतारमण को जाता है जब उन्होंने साल 2020 में दो घंटे 40 मिनट तक भाषण पढ़ा था। भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में 2019 में सीतारमण का बजट भाषण दो घंटे 17 मिनट तक चला था। साल 2021 में उन्होंने एक घंटा 50 मिनट तक बजट भाषण दिया। 2022 में उनका यह भाषण 92 मिनट का और 2023 में 87 मिनट का रहा। सीतारमण के आज के बजट भाषण में पहले की तरह तमिल कवियों और विचारकों के उद्धरण नहीं थे। हालांकि उन्होंने कम से कम आठ बार प्रधानमंत्री मोदी का उल्लेख किया और उनके भाषणों के अंश पढ़े।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को 卐वंदे भारत卐 मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे जिसके परिणामस्वरूप, अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी।

## गैर इस्लामिक है इमरान-बुशरा बीबी का निकाह', पाक कोर्ट ने सुनाई 7 साल कैद की सजा





ऐसा लग रहा है पूरा का पूरा पाकिस्तान पूर्व प्रधानमंत्री को खत्म करने पर तुला हुआ है. इसी कड़ी में एक और झटका देते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी को सजा सुनाई गई है. इमरान और बुशरा बीबी को 'गैर-इस्लामिक निकाह' मामले में सात-सात साल कैद की सजा सुनाई गई है. इस निकाह को कोर्ट की तरफ से अवैध करार दिया गया है. इमरान तोशाखाना केस में पहले से ही जेल में हैं. बताया गया है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इमरान के इस्लामाबाद वाले घर 'बानी गाला' में ही रखा जाएगा. और इस घर के एक हिस्से को जेल में बदल दिया गया है. उन्होंने सरेंडर भी कर दिया है.यह फैसला कोर्ट ने अदियाला जेल में बंद इमरान खान के निकाह के खिलाफ दायर एक मुकदमे की सुनवाई करते हुए दिया है. इसे गैर-इस्लामिक निकाह बता दिया गया और मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई गई है. साथ ही दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. फैसला सुनाए जाने के समय इमरान खान और बुशरा बीबी अदालत में ही मौजूद थे.

इस्लामी प्रथा का उल्लंघन किया

यह मामला किसी और ने नहीं दर्ज कराया था बल्कि बुशरा बीबी के पहले पति खावर मनेका ने कराया था. आरोप लगाया गया था कि बीबी ने दो विवाहों के बीच अनिवार्य अंतराल यानी 'इद्दत' की इस्लामी प्रथा का उल्लंघन किया है. मनेका ने बीबी और पीटीआई के संस्थापक इमरान पर शादी से पहले व्यभिचारी संबंध में होने का भी आरोप लगाया है. निचली अदालत ने अडियाला जेल में 14 घंटे लंबी सुनवाई के बाद शुक्रवार रात सुनवाई पूरी की थी.

इस फैसले के बाद तुरंत ऐलान हुआ कि मुख्य आयुक्त इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र ने आदेश दिया है कि दोषी बुशरा बीबी के निवास को अगले आदेश तक उप-जेल बनाया जाएगा. यानि कि जिस घर में वे दुल्हन बनकर आई थीं, उसी ओके जेल बना दिया गया है. इससे पहले तोशाखाना और साइफर में भी इमरान खान को कुल 24 साल जेल की सजा हो चुकी है. वहीं बुशरा बीबी को भी अदालत ने तोशाखाना मामले में जेल की सजा सुनाई है. उन्हें इस गैर इस?लामिक शादीपर 50-50 लाख का जुर्माना भी देना होगा.

## ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मंदिर के कोई सबूत नहीं, जमीयत चीफ मदनी बोले- कानून की किताब को आग लगा दो



एक तरफ जहां ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने में वाराणसी की जिला अदालत से पूजा की अनुमति मिलने के बाद वहां अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही सर्वे के दौरान मिली 10 मूर्तियों में से आठ मूर्तियों को स्थापित भी कर दिया गया है। वहीं मुस्लिम पक्ष की तरफ से कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती भी दी जा रही है। वही अब पूरे विवाद पर जमीयत उलमा-ए-हिंद का बयान सामने आया है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जहां मस्जिद है, वहां मंदिर था इसका कोई सबूत नहीं है। मंदिर के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन हां, अगर आप इसके आसपास जाएंगे तो वहां मंदिर ही मंदिर होंगे।मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि अगर वहां मंदिर होता तो जिस तहखाना में मूर्ति लाकर रखी गई है और जिस मूर्ति पर रात में पूजा की गई है, यह मूर्ति नहीं लाई जाती बाहर से। यहां शुरू से ही कोई मूर्ति रही होगी। लेकिन यहां शुरू से ही कोई मूर्ति नहीं है। फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि यहां शुरू से ही मंदिर था और उसके स्थान पर मस्जिद बनाई गई है?ज्ञानवापी मामले पर बात करते हुए मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि ऐसे फैसले से देश में आपसी दूरी पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि, कानून की किताबों को आग लगा दो। अगर यही चलता रहा तो किसी भी धर्म को फैसला नहीं मिलेगा ।इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति को राहत देने से इनकार कर दिया, जिसने वाराणसी अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसने हिंदू भक्तों को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद तहखाने के अंदर पूजा करने की अनुमति दी थी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने महाधिवक्ता को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर और बाहर कानून व्यवस्था बनाए रखने का आदेश दिया. मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

## रामभद्राचार्य की तबीयत अचानक हुई खराब, मुख्यमंत्री योगी ने किया फोन



उत्तर प्रदेश के हाथरस में पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार(2 फरवरी) की सुबह तबीयत खराब हो गई. ये खबर मिलते ही उन्हें फौरन आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनके शिष्य उन्हें देहरादून के एक अनुयायी के हॉस्पिटल में ले जाना चाहते हैं, इसलिए उन्हें एयर एंबुलेंस से देहरादून ले जाने की तैयारी चल रही है. इस घटना पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है. बता दें कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य को देश के दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है.

**क्या है पूरा मामला?**दरअसल, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के सीने में दर्द होने के कारण उन्हें आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अस्पताल के अधिकारी ने यह जानकारी दी है. इसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी को फोन करके उनका हालचाल जाना. जगद्गुरु की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं. दिल्ली गेट स्थित पुष्पांजलि अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सीने में दर्द की शिकायत करने के बाद उनको यहां लाया गया, और अब उनकी जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि डॉ. नवनीत शर्मा उनका इलाज कर रहे हैं, कुछ जांच हो चुकी हैं जबकि कुछ जांच की रिपोर्ट आनी बाकी है. उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में छाती में संक्रमण की बात सामने आई है.

**क्यों हाथरस में थें रामभद्राचार्य ?**

सूत्रों के मुताबिक, रामभद्राचार्य महाराज की चार साल पहले हार्ट बाईपास सर्जरी हो चुकी है, ऐसे में डॉक्टर हर तरह की जांच कर रहे हैं. पुष्पांजलि अस्पताल के संचालक डॉ. वी.डी. अग्रवाल ने बताया कि रामभद्राचार्य महाराज को वायु मार्ग से देहरादून ले जाने की तैयारी भी की जा रही है. अग्रवाल ने ये भी बताया कि हालांकि अभी खतरे की कोई बात नहीं है लेकिन उनके शिष्य उन्हें देहरादून ले जाना चाहते हैं, इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है. अग्रवाल ने बताया कि देहरादून में उनके किसी अनुयायी का अस्पताल है. बता दें कि रामभद्राचार्य महाराज की हाथरस के गांव लाढ़पुर में रामकथा जारी है. ये कथा 25 जनवरी को शुरू हुई थी।

## अयोध्या में क्या करने वाला है इजरायल, रामलला की सुरक्षा के लिए भारत का सबसे पक्का दोस्त आया सामने

रामलला की सुरक्षा के लिए भारत का सबसे पक्का दोस्त इजरायल सामने आया है। इजरायल राम मंदिर के चारो तरफ अपना एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने वाला है। आपको तो बता ही है कि रामलला के दर्शन के लिए देश और दुनिया से हजारों-लाखों लोग पहुंच रहे हैं। ये सिलसिला लगातार जारी रहेगा। ऐसे में अयोध्या की सिक्योरिटी बेहद ही महत्वपूर्ण हो जाती है। अयोध्या की सिक्योरिटी को देखते हुए उत्तर प्रदेश की पुलिस और इजरायल के बीच एक बड़ी डील हो गई है। हाल ही में कई कट्टरपंथी राम मंदिर के पास से गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ऐसे में राम मंदिर के पास परिंदा भी पर नहीं मार पाए इसलिए एंटी ड्रोन सिस्टम को तैनात किया जा रहा है। इजराइल निर्मित एंटी-ड्रोन सिस्टम जल्द ही उत्तर प्रदेश में कुछ अन्य शीर्ष महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के साथ-साथ अयोध्या राम मंदिर की सुरक्षा करने की संभावना है। यूपी पुलिस ने खरीद प्रक्रिया पूरी कर ली है और उम्मीद है कि उन्नत शील्ड सिस्टम जल्द ही नवीनतम तकनीकों का हिस्सा बन जाएंगे जो पहले से ही देश के सबसे बड़े पुलिस बल द्वारा उपयोग में हैं। यह पहली बार है कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एंटी-ड्रोन तकनीक खरीदी जा रही है।

हाल ही में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान और अन्य अवसरों पर पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) या अन्य सुरक्षा बलों से उधार ली गई एंटी-ड्रोन प्रणालियों का इस्तेमाल किया। इज़राइल में निर्मित इन एंटी-ड्रोन सिस्टम को विस्तृत परीक्षणों के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया था। यह सिस्टम न केवल 3-5 किलोमीटर के दायरे में किसी भी ड्रोन का पता लगाएगा, बल्कि अपने रडार में दुश्मन के किसी भी ड्रोन को निष्क्रिय करने की क्षमता भी रखेगा। खतरे के आकलन के आधार पर, ये प्रणालियाँ पुलिस को विभिन्न



स्थितियों में उचित निर्णय लेने की अनुमति देंगी। जिनमें से एक है सॉफ्ट किल को अंजाम देना, यानी एक लेजर-आधारित विनाश तंत्र जिसका इस्तेमाल दुश्मन के ड्रोन के खिलाफ किया जा सकता है।

प्रौद्योगिकी की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि यह तकनीक पुलिस को दुश्मन के ड्रोन को हैक करने और एक सुरक्षित, फिर भी निर्देशित लैंडिंग सुनिश्चित करने या दुश्मन के ड्रोन को आत्म-विनाश करने की अनुमति देती है। इन प्रणालियों के साथ स्नाइपर्स भी तैनात किए जाएंगे, जिन्हें हार्ड किल का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो लेजर या अन्य प्रौद्योगिकियों के उपयोग के मामले में ऐसे ड्रोनों को मार गिराएंगे जो उचित नहीं हैं। इनमें से लगभग 10 एंटी-ड्रोन सिस्टम यूपी पुलिस द्वारा खरीदे जा रहे हैं। इन्हें लखनऊ, वाराणसी और मथुरा जैसे राज्य भर के शहरों में संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर और आवश्यकता के आधार पर स्थापित किया जाएगा। प्रक्रिया पूरी हो गई है ।

# मौत की झूठी खबर फैलाने पर अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे पर भड़के टीवी स्टार्स



बीपीएस न्यूज

कानपुर। अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे की सर्वाइकल कैंसर से मौत का दावा और कुछ वक्त बाद सोशल मीडिया पर उनके फिर से पदार्पण के कारण इंटरनेट हो या बॉलीवुड हस्तियां सभी गुस्से में हैं। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों से लेकर फिल्म जगत की कई हस्तियों ने इसे भद्दा , शर्मनाक और प्रचार का निचला स्तर करार दिया है। पांडे की टीम ने शुक्रवार को बीमारी से उनकी मौत की खबर सोशल मीडिया पर जारी की थी लेकिन बाद में यह खबर झूठी और अभिनेत्री द्वारा अपनाया एक हथकंडा निकली।

पूनम ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर स्वयं के जिंदा होने की घोषणा की। पांडे के मुताबिक, ऐसा करने के पीछे उनका मकसद सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूकता फैलाना था। हालांकि पूनम पांडे की ये हरकत सोशल मीडिया पर प्रशंसकों और पूजा भट्ट, सारा खान, अली गोनी और राहुल वैद्य समेत फिल्म हस्तियों को अप्रिय लगी और सभी ने पूनम की जमकर आड़े लिया और एक बीमारी के प्रति इस तरह की शर्मनाक हरकत के लिए निंदा की। पांडे की कथित मृत्यु पर शोक प्रकट करने वाली पूजा भट्ट ने कहा कि उन्होंने अपना पहले वाला पोस्ट हटा दिया है। पूजा ने कहा, मैंने कभी अपने ट्वीट नहीं हटाती लेकिन इस मामले में मैंने ऐसा किया। मैंने सर्वाइकल कैंसर से पूनम पांडे के निधन की खबर पर हैरानी जताई थी। क्यों?

टीवी कलाकार गोनी ने लिखा, प्रचार के घटिया हथकंडे से ज्यादा कुछ नहींज्आप लोगों को यह सब मजाक लग रहा है? आपका और आपकी टीम का बहिष्कार किया जाना चाहिए। सभी मीडिया पोर्टल, जिनपर हम विश्वास करते हैंज्हमने आप पर भरोसा कियाज्आप सभी को शर्म आनी चाहिए.. गायक और बिग बॉस के पूर्व प्रतियोगी राहुल वैद्य ने कहा कि उन्हें कभी उन समाचारों पर विश्वास ही नहीं हुआ, जिनमें पांडे की सर्वाइकल कैंसर से मौत की बात कही जा रही थी। उन्होंने लिखा, और मैं सही था। अब पूनम जिंदा हैं और मैं कह सकता हूं कि उनकी पीआर, मार्केटिंग टीम की आत्मा को शांति मिले। किसी अभियान को सनसनीखेज बनाने का निचला स्तरज्कलयुग में आपका स्वागत है।अभिनेता कुशाल टंडन ने पूनम और उनकी पीआर टीम की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, अपनी मौत का दिखावा करना कितना बेवकूफी भरा और कितना शर्मनाक है। यह बेहद दुखद और चिंताजनक है। मुझे लगता है कि उस व्यक्ति और उसकी पूरी पीआर टीम को सलाखों के पीछे डाल देना सही होगा ताकि भविष्य के लिए एक उदाहरण तय किया जा सके ताकि कोई भी बकवास, फर्जी खबर न डाल सके। मीडिया को हमेशा पहले वास्तविकता की जांच करनी चाहिए और फिर अपने समाचार मंचों पर पोस्ट करना चाहिए। अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा और राखी सावंत ने भी पूनम की आलोचना की।

शर्लिन ने एक्स पर कहा, बेशर्मी और असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा। राखी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर पूनम की आलोचना की। उन्होंने कहा, क्या आप पागल हो? यह किस तरह का प्रचार-प्रसार है? आपने प्रशंसकों, मीडिया और मेरे दिल के साथ खेला है। और आखिर में आप कह रही हो कि आप जिंदा हो। इस तरह का घटिया मजाक कौन करता है। एक्स पर हैशटैग पूनमपांडेय को 60 हजार से अधिक लोगों ने पोस्ट किया, जिनमें से अधिकतर कलाकारों ने आलोचना की। एक्स एक यूजर ने लिखा, प्रचार का अब तक का सबसे घटिया हथकंडा। एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया, यह किसी चीज को बढ़ावा देने का सबसे हास्यास्पद तरीका था। एक व्यक्ति ने पूनम को सबसे बड़ी धोखेबाज बताया।

# मंदिर में पोस्टर चस्पा कर भापजा नेता को दी गयी बम से उड़ाने की धमकी

## मेंस्टन रोड स्थित राम जानकी मंदिर का मामला, मंदिर ट्रस्टी रोहित साहू को दी गयी धमकी

## धमकी के बाद हरकत में आया प्रशासन



बीपीएस न्यूज

कानपुर । कानपुर के मेस्टनरोड स्थित राम जानकी मंदिर की देख-रेख करने वाले भाजपा नेता रोहित साहू जो कि मंदिर के ट्रस्टी भी है, उन्हे जान से मारने के लिए बम से उडाने की धमकी दी गयी, जिसके बाद चौकन्ना हुआ प्रशासन रविवार को मंदिर पहुंचा, जिसमें कोतवाली एसीपी तथा डीसीपी पूवी तेज स्वरूप सिंह के साथ कोतवाली फोर्स मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।थाना कोतवाली क्षेत्र के अतंर्गत मेस्टन रोड स्थित राम जानकी मंदिर के ट्रस्टी रोहित को बम से उडाने की धमकी दी गयी। धमकी देने वाले ने मंदिर दीवारपर एक पोस्टर चस्पा किया था, जिसमें धमकी भरे लहजे से शब्द लिखे हुए थे। बता दें कि रोहित साहू भाजपा के नेता भी है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस राम जानकी मंदिर में भी भव्य आयोजन किया गया था। धमकी का पास्टर सामने आने की सूचना के बाद रविवार की सुबह एसीपी कोतवाली तथा डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह सहित कोतवाली फोर्स मंदिर पहुंची और स्थित का जायजा लेते हुए जांच शुरू की। डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह के अनुसार उन्हे रोहित को दी गयी धमकी के विषय में जानकारी हुई और जब मंदिर पहुंचे तो वहां दीवार पर पोस्टर चस्पा पाया, जिसमें बम से उडाने की धमकी लिखी हुई थी तो वही कुछ पोस्टर जमीन पर भी पडे हुए थे। जांच शुरू कर दी गयी है और मंदिर के आस-पास लगे सीसी टीवी कैमरो के द्वारा आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी गयी है। धमकी में अंकित था कि रोहित अब पानी सिर से ऊपर गुजर चुका है। हमारी बाबरी मस्जिद को तोडकर जो तुम लोगों ने मंदिर बनाया, हमारा दिल दुखा रहे है और जश्न मना रहे है। आज तक इस मंदिर मे कभी इतनी बडी पूजा अर्चना का कार्यक्रम नही हुआ और यह सब तुम हम लोगों को जलाने के लिए कर रहे है। पोस्टर में आगे लिखा था कि भाजपा सरकार के कारण तुम बचे हो लेकिन अब हम लोग और बर्राश्त नही करेंगे, इसका बदला हम जरूर लेगे आदि धमकी लिखी हुई थी। वहीं पोस्टर में अंत में रोहित को बम से उडाने की धमकी दी गयी थी। फिलहाल प्रशासन पूरी तरह से सर्तक है और तेजी के साथ आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बजट में भवन निर्माण मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान न देने से जताया गया रोष



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भवन निर्माण मजदूर परिषद के संस्थापक अध्यक्ष ने एक बैठक के दौरान बताया कि गुरूवार को वित्त मंत्री जब संसद में खडी हुई तो हम सभी को उम्मीद थी, कि अंतरिम बजट में भवन निर्माण श्रमिकों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, लेकिन एसा कुछ भी नही किया गया। उन्होने बतायाकि इस बार आंतरिम बजट में भवन निर्माण श्रमिकों के साथ न्याय नही हुआ। संस्था ने कालान्तर से निर्माण मजदूरों की समस्याओं से शासन को अवगत कराया है। निर्माण मजदूर रोजना खुले आसामान के नीचे खडे होकर गर्मी सर्दी, बरसात की मार झेलते हुएकाम का इंतजार करते है किन्तु उसके लिए लेबर बाजारों में टीन शेड, शौचालय और पानी की व्यवस्था के लिए बजट में व्यवस्था नही की जाती। यदि भवन निर्माण के दौरान मजदूर के साथ कुछ अप्रिय हो जाता है कि उनके इलाज के लिए कही भी अलग से अस्पताल की व्यवस्था नही है। बजट में निर्माण रमिको को वंचित रखा गया है, जिससे हमें भारी असंतोष है।

# स्कूटी सवार युवती ने की पुलिस कर्मी की पिटाई

कानपुर नगर, बिना नंबर प्लेट के अपनी स्कूटी से जा रही युवती को रोकना एक पुलिस कर्मी को भारी पड़ गया। स्कूटी रोके जाने से नाराज युवती ने जहाँ पुलिस से अभद्रता की तो वही स्वयं पर आपा खोने हुए पुलिकर्मी की पिटाई कर दी।

मामला थाना कोहना के अंतर्गत गंगा बैराज का है, जहाँ रविवार की दुपहर को पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। बताया जाता है कि चेकिंग के दौरान एक युवती बिना नंबर प्लेट वाली स्कूटी लेकर वहां से गुजरी। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वो स्कूटी भगाने लगी, किसी प्रकार जब उसे रोका गया तो युवती अभद्रता पर उतारू हो गई और एक पुलिस कर्मी का कॉलर पकड़कर तमाचे जड़ने लगी। वहां मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो तो बनाया लेकिन किसी की हिम्म्मत युवती को रोकने की नही हुई। घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

# सौतेली मां ने 9 साल की मासूम को पीट-पीटकर मार डाला

## छत पर कबाड़ में छिपाया शव
## गांव वालों की सख्ती के बाद खुला पूरा मामला
## सौतेली मां पर हत्या का मुकदमा दर्ज





बीपीएस न्यूज

कानपुर। नौ साल की बच्ची की उसकी सौतेली मां ने पीट-पीटकर हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है.बच्ची को उसकी सौतेली मां ने ही बेरहमी से मार डाला. बच्ची का शव घर की छत पर रखे कबाड़ में मिला. जांच पड़ताल में पुलिस जुटी है। इसकी भनक गांववालों को हो गई और सैकड़ों लोग जमा हो गए. पुलिस ने आरोपी सौतेली मां को गिरफ्तार किया है. उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है.

घटना शनिवार देर शाम अरौल थाना क्षेत्र के गजना गांव की है. यहां के निवासी अनीस ने फरजाना से दूसरी शादी की है. पहली पत्नी से एक 9 साल की बेटी है. बताते हैं कि उसकी सोतेली मां फरजाना ने बच्ची को किसी बात पर बेरहमी से पीट दिया. इससे बच्ची की मौत हो गई. इसके बाद उसका शव छत पर रखे कबाड़ में छिपा दिया. गांववालों के मुताबिक बच्ची का शव रात में ठिकाने लगाने की प्लानिंग की गई थी. हालांकि इससे पहले ही गांव के लोगों को इसकी खबर हो गई. सैकड़ों लोग फरजाना के घर पहुंच गए. वहां घर की छत पर पहुंचे तो कबाड़ के बीच बच्ची पड़ी मिली. इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और बच्ची को लेकर सीएचसी बिल्हौर पहुंचे. यहां से उसे हैलट ले गए. यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. ग्रामीणों का कहना है कि बच्ची की मौत पहले ही हो चुकी थी.

इस मामले में बिल्हौर एसीपी अजय त्रिवेदी का कहना है कि प्रभारी निरीक्षक अरौल ने घटना की सूचना दी थी. पुलिस के मुताबिक सोतेली मां फरजाना ने बच्ची को पीट-पीटकर घायल कर दिया था. वह डरकर कबाड़ मे छिप गई थी. जहां पड़ोसियों ने यह देखा तो 112 पर फोन किया. हालांकि घटना का जो वीडियो सामने आया है, उसमें गांव के लोग आरोपी के घर की छत पर से बच्ची को निकालते दिखे. पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है. वहीं इस घटना से गांव के लोगों में काफी आक्रोश दिखा.

# अवैध संबंध के चलते विद्यालय में काम करने वाले रसोइये की हत्या

## आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

बरेली। बरेली जिले में बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में कथित तौर पर अवैध संबंध के चलते प्राथमिक विद्यालय के रसोइये के सिर पर ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के नगरिया नबदिया गांव में प्राथमिक स्कूल के रसोइयामहिपाल सिंह (45) के सिर को शनिवार रात किसी ने ईंट से कुचल दिया और रविवार सुबह उसका शव उसकी चचेरी बहन के घर के सामने पड़ा मिला।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) घुले सुशील चंद्रभान ने घटनास्थल का जायजा लिया और जल्द ही मामले के खुलासे के निर्देश दिए। पुलिस ने बताया कि महिपाल सिंह मूल रूप से शाहजहांपुर जिले के जैतीपुर थाने के मगनपुर का निवासी था और करीब 20 साल से वह अपने चचेरे बहनोई राम सिंह के यहां रह रहा था। उसके मुताबिक करीब 10 साल से वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोईया के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने शव की तलाशी ली तो जेब से आपत्तिजनक चीजें मिलीं।

बिथरी चैनपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय तोमर ने बताया कि मृतक की जैकेट से कंडोम और लिपस्टिक मिली है एवं पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। तोमर के मुताबिक दोनों ने बताया है कि इस रसोईये के गांव की एक महिला से अवैध संबंध थे और वह उससे मिलने जाया करता था, जिसकी जानकारी महिला के बेटे को हो गयी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला का बेटा घात लगाए बैठा था और जैसे ही रसोईया महिला के घर की तरफ चला तभी उसने उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि महिला के बेटे की तलाश की जा रही है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक व नियम न तोड़ने की दिलाई शपथ





मनोज कुमार वर्मा

कानपुर। नरामऊ स्थित बेंडी हाई स्कूल के बच्चों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत ट्रैफिक नियम का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

टी आई पश्चिम के निर्देश पर स्कूल के बच्चों को टी एस आई मुनेंद्र प्रताप सिंह ने शपथ दिलाई। आप सभी यातायात नियमों का पालन करेंगे। साथ ही अपने परिवार व अपने पड़ोसियों को भी नियमों के बारे में बताएंगे।दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे। उलटी दिशा में गाड़ी नहीं चलाएंगे। सतर्क रहेंगे सुरक्षित रहेंगे। बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली।

बच्चों को जागरूक करने के लिए टी एस आई मुनेंद्र प्रताप सिंह, टी एस आई वीरेंद्र सिंह, टी एस आई भोजराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# पटकापुर स्वच्छता समिति ने कन्या भोज के साथ कराया भंडारा

**अरुण कुमार अस्थाना**

कानपुर। पटकापुर, बिरहाना रोड, कल्पना प्लाजा के पीछे पटकापुर स्वच्छता समिति के पदाधिकारी, सदस्य व क्षेत्रीय लोगों ने भंडारा कराया। समिति ने पहले कन्याओं को भोज कराया। उसके बाद क्षेत्रीय लोगों को भंडारे का भोज कराया।




समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना ने बताया कि भंडारा कराने में पटकापुर समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सहयोग दिया। भंडारा भोज में मुख्य रूप से ङ्क अरुण कुमार अस्थाना, दीपक निगम, गीता पांडे, मनीष अस्थाना, राजेश निगम, विजय निगम, मनीष अग्रहरि, पारस शुक्ला, संजय अग्निहोत्री, राजकमल सिंह, सतीश शर्मा, विक्रम अवस्थी, सुरेश बाजपेई, समिति संरक्षक कमल बाजपेई, राजवर्धन मिश्रा, अनुभव पांडे बीपीएस न्यूज संपादक बी.पी. साहू, तनवीर, गुलशन अहमद मंसूरी, मंगल आदि मौजूद रहे।




# टेंपो, टैक्सी, ई रिक्शा के कारण लग रहा था जाम जिन्हें चौराहों से खदेड़ा तो दौड़ने लगा ट्रैफिक

**बीपीएस न्यूज कार्यालय**

कानपुर। आय दिन कानपुर शहर के चौराहों पर लगने वाले जाम को देखते हुए डीसीपी यातायात आरती सिंह के आदेश पर चौराहों पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए कवायद जारी है।

इसी कड़ी में आज यशोदा नगर बाईपास पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती दिखाई दी। कहीं पर जाम नहीं था करण टेंपो, टैक्सी, ई रिक्शा को चौराहे से खदेड़ा गया साथ ही 100 मीटर की दूरी पर ही खड़ा करने की चेतावनी दी गई।

साउथ प्रभारी टी आई नित्यानंद राय व सत्येंद्र कुमार (इंटर सेक्टर) साउथ प्रभारी, महेंद्र सिंह टी एस आई (साउथ प्रभारी) ने संयुक्त रूप में मिलकर जाम को छुड़ाया तब जाकर जनता को जाम के झाम से राहत मिल सकी।







# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने विधायक सुरेन्द मैथानी को सौपा ज्ञापन, 12 फरवरी से खाट बिछाओ -अधिकार दिलाओ आन्दोलन

## 5 फरवरी को सयुक्त पुलिस आयुक्त को सौंपा जायेगा ज्ञापन
## आसरा आवास योजना में दिव्यांगजन का आरक्षण खत्म होने का किया विरोध था

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आसरा आवास योजना में दिव्यांगजन व ओ0बी0सी0 का आरक्षण खत्म करने के विरोध में आन्दोलन की घोषणा कर दी है।

प्रथम चरण में विधायक सुरेन्द मैथानी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। दुसरे चरण में सयुक्त पुलिस आयुक्त को ज्ञापन भेजा जायेगा। तिसरे चरण में जिलाधिकारी कार्यालय में खाट विछाओ ङ्क अधिकार दिलाओ आन्दोलन शुरू किया जायेगा।



इस सम्बन्ध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 फरवरी को संयुक्त पुलिस आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। तिसरे चरण में 12 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय में खाट बिछाओ अधिकार दिलाओ आन्दोलन शुरू होगा।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों कि अनदेखी कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि जिन लोगों के नाम आसरा आवास योजना में लाटरी में निकाला गया था उनके नाम आवंटन लिस्ट से गायब है। विश्वनाथ सिंह, गौरव कुमार, बैभव दीक्षित ने इसकी शिकायत की है। ये सभी लोग आवंटन के दिन एच0बी0टी0यू0 में लाटरी के दौरान मौजूद थे और इनका नाम लाटरी में डाला गया था। आवंटन लिस्ट में इनका नाम नहीं है। आवंटन में दिव्यांगजनों का आरक्षण कोटा पूरा नहीं किया गया है ये मनमानी की गयी है। इसका विरोध सड़को पर होगा जन प्रतिनिधियों को भी घेरा जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनो को सत प्रतिशत आवास मिलना चाहिए, लेकिन यहाँ तो दिव्यांगों के आरक्षण पर ही डकैती डाली जा रही है।आज ज्ञापन देने वालों व बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अशोक कुमार, अरविन्द सिंह, कमलेश कुमार सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव

# पत्रकारों के लिए इलाज का विशेष इंतज़ाम, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिया आदेश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास पर मिला और पत्रकारों के नि:शुल्क इलाज की मांग रक्खी।उपमुख्यमंत्री ने तत्काल कानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी को फ़ोन पर आदेश दिया कि उर्सला अस्पताल में पत्रकारों को नि:शुल्क इलाज की सुविधा तत्काल शुरू करें।



उनके इलाज और भर्ती में सर्वोच्च प्राथमिकता दें, साथ ही कानपुर मेडिकल कालेज के प्राचार्य संजय काला को फ़ोन कर निर्देश दिया क़ि सम्बद्ध हैलट और अन्य अस्पतालों में भी पत्रकारों का इलाज और जांचे प्राथमिकता पर की जाएं। दवाओं का भी इंतज़ाम प्राथमिकता पर करें। उपमुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड के लिए वह विचार विमर्श के बाद केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रेस क्लब के महामंत्री शैलेश अवस्थी, पूर्व महामंत्री कुशाग्र पांडे, मंत्री शिवराज साहू और मनोज वाजपेई मौजूद रहे।

# गोविन्द नगर पुलिस की लापरवाही, लापता छात्रों का मैसेज आने के बाद दर्ज की रिपोर्ट

## बुधवार से लापता थे बेटे, परिजन थाने के काट रहे थे चक्कर, गोविन्द नगर पुलिस ने नही की कोई कार्यवाही
## शनिवार को मोबाइल पर मैसेज आने के बाद गोविंद नगर पुसिल ने अपहरण की धारा में दर्ज की रिपोर्ट

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कई बार ऐसे मामले देखने को मिले है, जिसमें पुलिस की लापरवाही पाई गयी। समय रहते आखिर पुलिस सक्रीय क्यो नही होती है। बात किसी खास की हो तो बात अलग है लेकिन आम आदमी के लिए पुलिस का ढुलमुल रवैया पहले ही जैसा है। एक और मामले में गोविन्द नगर पुलिस की बडी लापरवाही सामने आई है, जिसका खामयाजा शायद पीडित परिवार को उठाना पडे, भगवान न करे कि परिजनों के साथ कोई अप्रिय घटना घटे लेकिन पुलिस की यह लापरवाही भरी कार्यवाई यूपी की सख्य और न्यायप्रिय सरकार के मंसूबो पर कहीं न कहीं पानी फेरती नजर आती है।बता दें कि शिवनाथ यादव अपनी पत्नी निर्मला यादव, 15 वर्षीय पुत्र दीपाकंर तथा दो बेटियों के साथ गोविन्द नगर के सी ब्लाूक में एककिराएके मकान में रह रहे है। बताया जाता है किं वह मूलरूप से इटावा के रहने वाले है। शिवनाथ पानीपत स्थित एक कमपनी में कार्यरत है। इसके अलावा कानपुर देहात के सिकंदरा राजपुर के रहने वाले किसान संजय कटियार भी अपनी पत्नी तथा 15 वर्षीय पुत्र साहित व एक बेटी के साथ गुजैनी के पिपौरी में बीते दो वर्षो से रहते है। दोनो की परिवार के बेटे साहित व दीपाकंर वीरेन्द्र स्वरूप स्कूल में कक्षा 10 में पढते है। बताया जाता है कि वह रोज की ही तरह स्कूल के लिए घर से निकले थे लेकिन शाम देर तक घर वापस नही आये तो उनकी तलाश शुरू की गयी। रिश्तेदारों तथा कई स्थानों पर पता करने के बाद भी दोनो का पता नही चल सकता तो संजय ने गुजैनी थाने में शिकायत की। शहनवार की सुबह दीपांकर की बहन निकिता के मोबाइल व्हाट्सप पर मैसेज आया कि बेटे को जिंदा चाहते हो तो दो लाख रूपये भेज दो, जिसके बाद परिजना घबरा गये। दीपांकर की मां निर्मला का कहना है कि बुधवार से उनका बेटा लापता है और उसकी जानकारी थाने को दी, कई बार चक्कर भी काटे लेकिन पुलिस ने समय पर कोई कार्यवाही नही की। शनिवार को जब बहन के मोबाइल पर मैसेज आया तब गोविंद नगर पुलिस ने अपहरण की धारा में रिपोर्ट दर्ज की। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने कहा कि फिरौती का मैसेज इंटरनेट नम्बर से भेजा गया है।छात्रों की तलाश में सर्विलांस सहित चार टीमें तलाश के लिए जुटी हुई है।

# सदन बैठक में महापौर व नगर आयुक्त नही पहुंचे समय पर, पार्षदों ने किया हंगामा

## बुधवार को नगर निगम सदन की बैठक एक घटें बाद नही हो सकी शुरू
## नगर आयुक्त व महापौर से समय पर न पहुंचने पर पार्षदों ने की जमकर नारेबाजी, बैठे धरने पर

कानपुर। कानपुर नगर निगम सदन की बैठक बुधवार को होनी थी लेकिन बैठक में समय पर न ही महापौर पहुंची और न ही नगर आयुक्त, जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया और वहां उपस्थित पार्षदों ने जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गये। पार्षदों का कहना था कि बैठक के लिए सदन में समय से न पहुंच कर महापौर तथा नगर आयुक्त ने सदन का अपमान किया है और इस तानाशाही रैवेये को हम पार्षद बर्दाश्त नही करेगे। सभी पार्षद धरने पर बैठकर महापौर और नगर आयुक्त के विरूद्ध नारेबजी करते रहे।



नगर निगम के सदन में बुधवार को सभी पार्षदों सहित नगर निगम, जलकल विभाग तथा जल निगम अधिकारियों को होने वाली बैठक के लिए बुलाया गया था, जिसमें महापौर द्वारा पूर्व सदन की बैठक में दिए गए निर्देश तथा प्रस्तावों पर की गयी कार्यवाही की रिपोर्ट से सदन को अवगत कराने की बात कही गयी थी लेकिन बुधवार को बैठक के समय से एक घंटा व्यतीत होने के बाद भी जब न तो समय से महापौर प्रमिला पाण्डेय और न ही नगर आयुक्त पहुंचे तो पार्षदों के सब्र का बांध टूट गया और पार्षदों ने हंगामा करते हुए धरने पर बैठे और नारेबाजी करने लगे। इस हंगामेंकेबीच कांग्रेस पार्षद उप नेता सदन हाजी सुहैल अहमद ने इसे अपना अपमान बताया तथा कहा कि यह शर्म की बात है और अब वह प्रमिला भवन की बैठकमें शामिल नही होगे। पूरे प्रकरण पर भाजपा पार्षद विकास जायसवाल ने कहा किलोसभा सदन की कार्यवाही चल रही है, इसलिएनगर निगम की कार्यवाही नही हो सकती है यही नियम है इसलिए सदन स्थगित किया गया है। नगर निगम सचिव के अनुसार अध्यक्ष की अनुकति के उपरानत ही नये प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

# समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.इमरान का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया

**स्वप्निल तिवारी**

कानपुर। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.इमरान का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से कार्यकर्ताओं ने मनाया सुबह से ही सुजातगंज स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा शाम होते ही उनके बेहद करीबी युवा दिलों की धड़कन समाजवादी पार्टी में एक अलग पहचान बनाने वाले अपने सरल सौम्य व्यवहार से सभी को अपना बनाने वाले युवा नेता आलम अंसारी मोहम्मद शोएब ने अपने भारी समर्थकों के साथ ढोल की थाप पर नाचते झूमते हुए डॉ. इमरान को उनके आवास पर जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी इस बीच समर्थ खुशी जाहिर करते हुए जमकर आतिशबाजी पटाखे फोड़े आलम अंसारी ने सभी के साथ मिलकर केक काटते हुए फूल माला पहनाया इस बीच उन्होंने पवित्र मक्का मदीना का विशाल चित्र उपहार के रूप में दिया डॉक्टर साहब ने आलम को गले लगाते हुए आभार व्यक्त किया मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ इमरान ने कहा कि हमारे जन्मदिन पर यह जो प्यार आप लोगों ने दिया है।

इसके लिए सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार आज के दिन को इतना खुशनुमा बनाने के लिए तहे दिल से शुक्रिया करता हु मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है जो आप जैसे भाइयों का प्यार और इसनेह मुझे मिला इस दिन को मैं हमेशा याद रखूंगा इस दौरान कार्यक्रम में विशेष रूप से आलम अंसारी,मोहम्मद शोएब,अभिषेक चौबे,डॉ.निशा अहमद सिद्दीकी,निखिल कुमार,शाहरुख खान,मोहम्मद शकील,नौशाद मंसूरी,शान फातिमा,दिलीप मिश्रा,मोहम्मद काशिफ आदि लोग मौजूद रहे।



# पति-पत्नी की आपसी कलह के कारण युवक ने किया फांसी लगाने का प्रयास

कानपुर नगर, पति-पत्नि के आपसी झगडे, कलह और न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर क्षुब्द एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का निणर्य लिया और अपनी ही ससुराल के पास लगे एक पेड पर चढ गया। लोगों ने किसी अनहोनी होने के कारण सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस व फायर सर्विसेज के लोगो द्वारा युवक को काफी देर बात-चीत कर समझाया गया, तब जाकर युवक पेड से नीचे उतरा।मामला थाना रेल बाजार क्षेत्र का है जहां अपनी ही ससुराल गार्डेन नं0 6 का रहने वाला मो0 मुस्तकीम मूल रूप से कोतवाली थानाक्षेत्र उन्नाव का निवासी है जो शादी के कुछ समय बाद से अपनी ससुराल कानपुर में रहता है। बताया जाता है कि काफी लंबे समय से उसका पत्नी के साथ सम्बन्ध ठीक नही है और न्यायालय में भी केस चल रहा है इसी बात से परेशान होकर युवक आत्महत्या की मंशा से अपनी ससुराल के बगल में पाकड के पेड पर चढ गया। लोगों ने मुस्तकीम की मंशा को समझते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पुलिस सहित फायर सर्विस की टीम भी पहुंच गयी ।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।